# नेशनल प्रेस टाइम्स

नेशनल प्रेस टाइम्स — नेशनल दैनिक हिंदी न्यूज़ पेपर — NPT


नई दिल्ली, मंगलवार
15 अप्रैल 2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 46 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


# भारत प्रत्यर्पित किया जाएगा मेहुल चौकसी, बेल्जियम में हुआ गिरफ्तार





**नई दिल्ली।** एनफोर्समेंट डिपार्मेंट और सीबीआई ने मेहुल चौकसी की प्रत्यर्पण की कोशिश की है। हालांकि कुछ दिनों से उसका अस्पताल में इलाज चल रहा था। चौकसी को भारत लाने की कोशिश अब जल्द से शुरू होगी। लाल की बचने के लिए मैं हूं चौकसी अभी बेल्जियम की अदालत में कानून सहारा ले सकता है।

पंजाब नेशनल बैंक घोटाले का मुख्य आरोपी मेहुल चौकसी बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया है। भगोड़ा हीरा कारोबारी मेहुल चौकसी 12 अप्रैल को एक अस्पताल में अरेस्ट हुआ है। रिपोर्ट की मान्य तो विमल चौक से की गिरफ्तारी भारतीय जांच एजेंसी के अनुरोध पर की गई है।

एनफोर्समेंट डिपार्मेंट और सीबीआई ने मेहुल चौकसी की प्रत्यर्पण की कोशिश की है। हालांकि कुछ दिनों से उसका अस्पताल में इलाज चल रहा था। चौकसी को भारत लाने की कोशिश अब जल्द से शुरू होगी। लाल की बचने के लिए मैं हूं चौकसी अभी बेल्जियम की अदालत में कानून सहारा ले सकता है। इस पूरी प्रक्रिया में कुछ इस समय लग सकता है।

जानकारी के मुताबिक सितंबर 2024 में मेहुल चौकसी की प्रत्यर्पण के लिए बेल्जियम से भारत सरकार ने अनुरोध किया था। मेहुल चौकसी की वकीलों ने उसे समय कहा था कि उनकी मूवी वकील की तबीयत ठीक नहीं है और वह ब्लड कैंसर से जूझ रहे हैं। बीमारी के कारण बताकर उसे समय में चौकसी का प्रत्यर्पण नहीं हो सका था।

शेष पेज 2 पर

## मेहुल चौकसी से मोदी लेंगे पाई-पाई का हिसाब



विभाग ने कहा कि बेल्जियम के अधिकारी चोकसी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्यवाही की तैयारी कर रहे हैं, जबकि उसके लिए कानूनी सलाहकार भी उपलब्ध कराए जाएंगे। मेहुल चोकसी को 12 अप्रैल, 2025 को गिरफ्तार किया गया था। उसे आगे की न्यायिक कार्यवाही की प्रत्याशा में हिरासत में रखा गया है। पंजाब नैशनल बैंक के हजारों करोड़ रुपये के घोटाले में भगोड़ा घोषित किए गए हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया। भारतीय एजेंसियां विदेश मंत्रालय के सहयोग से चोकसी को भारत लाने की कोशिशें कर रही हैं। सूत्रों के अनुसार भारतीय अधिकारियों की एक टीम भी बेल्जियम का दौरा करने वाली है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि चोकसी के खिलाफ प्रत्यर्पण की कार्यवाही जल्द से जल्द शुरू हो सके। **शेष पेज 2 पर**

# 'हम किसी से उलझेंगे नहीं..कोई छेड़ेगा तो छोड़ेंगे नहीं, जहां मंदिर उसे अब लेकर रहेंगे'

संभल। संभल में श्रीरामकथा के दौरान रामभद्राचार्य जी ने चौपाइयों और भजनों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म की रक्षा के लिए सब कुछ समर्पित होना चाहिए। अब मंदिरों को लेकर कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा झ हम किसी को नहीं छेड़ेंगे, लेकिन अगर कोई छेड़ेगा तो छोड़ेंगे नहीं, अब हिंदू जाग चुका है।

संभल जिले के बहजोई में आयोजित श्रीरामकथा में जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्य जी महाराज ने चौपाइयां सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने हिंदुत्व पर अपनी बात रखते हुए श्रोताओं में जोश भर दिया। उन्होंने कहा कि हम हिंदू हैं, तो हिंदू धर्म की रक्षा के लिए पूरी तरह से प्राण समर्पित होने चाहिए। वह बोले, जहां-जहां मंदिर हैं, वह तो हम ले ही लेंगे।

इसमें कोई समझौता नहीं होगा। भगवान श्रीराम की कृपा हुई और वक्फ बोर्ड का मामला पास हुआ। जगद्गुरु ने भजन के माध्यम से कहा कि भूलकर भी किसी को न छेड़ेंगे हम, और छेड़ने पर किसी को न छोड़ेंगे हम। अब हिंदू नहीं, सोचेगा। संभल कल्कि भगवान की धरती है। यहां भगवान कल्कि का अवतार होना है।

जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्य जी महाराज ने कहा कि श्रीराम राष्ट्र नायक इसलिए बने कि



उन्हें हनुमान जैसा पूरी तरह से समर्पित सेवक मिला। वीर हनुमान रामावतार में श्रीराम के दूत व पुत्र बने और कृष्णावतार में कृष्ण जी के मित्र। रविवार को हुए आयोजन में आयोजकों ने हीरादेवी तोताराम कन्या इंटर कॉलेज में पहुंचने पर रामभद्राचार्य जी महाराज के चरण छूकर व माला पहनाकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद वेद मंत्र हुए। मंच पर विराजित जगद्गुरु के मुख से निकली मंगल भवन, अमंगल हारी व सीताराम हनुमान आदि चौपाइयां सुनकर श्रोता झूमने पर मजबूर हो गए।

जगद्गुरु वीर हनुमान के प्रसंग सुनाते हुए कहा कि वीर हनुमान भगवान राम के पुत्र व कन्हैया के मित्र हैं। कन्हैया जी ने महाभारत में हनुमान को अर्जुन के रथ पर लगे ध्वज पर बैठाया और स्वयं सारथी बनकर नीचे रथ पर बैठे। वह बोले, श्रीराम राष्ट्र नायक बने। **शेष पेज 2 पर**

# आंबेडकर जयंती पर अखिलेश बोले: 'देश संविधान से चलना चाहिए, साजिशों के तहत खंडित की जाती रही हैं प्रतिमाएं'



लखनऊ । डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के मौके पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके साथ उन्होंने संविधान पर हमले की बात दोहराई।

आंबेडकर जयंती के मौके पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव लखनऊ के हजरतगंज चौराहे पर लगी बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुंचे। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि संविधान ही हमारा रक्षक है। समाज के निचले और कमजोर तबके की रक्षा संविधान ही करेगा।

अखिलेश यादव ने कहा कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने बचपन से ही भेदभाव झेला है। उन्होंने समाज में दलितों को लेकर जो भाव रहा है उसका सामना किया है। आंबेडकर ने बड़ी प्रतिकूल स्थितियों में अपने जीवन को आकार दिया।

सपा प्रमुख ने कहा कि संविधान हमारी जीवन की संजीवनी है। **शेष पेज 2 पर**

## मोदी ने किया जलियांवाला बाग हत्याकांड का जिक्र

# शंकरन नायर का नाम लेकर कांग्रेस को सुनाई खरी-खोटी

हरियाणा । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने अंग्रेजों के जमाने का आबियाना कानून भी खत्म कर दिया है। अब किसानों को नहर के पानी पर टैक्स नहीं देना पड़ेगा। इसके अलावा 130 करोड़ रुपये के आबियाना को भी राज्य सरकार ने माफ कर दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यमुनानगर में 800 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट की यूनिट और कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का शिलान्यास किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाने साधे। उन्होंने कहा कि एक तरफ कांग्रेस का मॉडल है जो पूरी तरह से फेल साबित हो रहा है, दूसरी तरफ भाजपा का मॉडल है, जो सत्य पर चल रहा है। सपना है देश को विकसित



भारत बनाने का। यमुनानगर भी इसी तर्ज पर आगे बढ़ रहा है।

नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन की शुरूआत में कहा कि हरियाणा के मेरे भाई-बहनों को मोदी की राम-राम साथियों, आज मैं उस धरती को प्रणाम करता हूं, जहां मां सरस्वती का उद्गम हुआ। जहां मंत्रा देवी विराजती हैं। जहां पंचमुखी हनुमान जी हैं।

जहां कपाल मोचन साहिब का आशीर्वाद है। जहां संस्कृति, श्रद्धा, समर्पण की त्रिवेणी बहती है। आज बाबा साहब आंबेडकर जी की 135वीं जयंती भी है। मैं सभी देशवासियों को आंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं देता हूं। बाबा साहब का विजन, उनकी प्रेरणा, निरंतर विकसित भारत की यात्रा में हमें दिशा दिखा रही है।

कहा कि यमुनानगर सिर्फ एक शहर नहीं है, यह भारत के औद्योगिक नक्शे का अहम हिस्सा है। प्लाईवुड से लेकर पीतल और स्टील का यह पूरा क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती देता है। कपाल मोचन मेला, वेद व्यास की तपोभूमि और गुरु गोविंद सिंह की एक प्रकार से शस्त्र भूमि है। साथियों, यह अपने आप में एक गरिमा बढ़ाने वाली बात है। यमुनानगर के साथ तो मेरी कई पुरानी यादें जुड़ी हुई हैं। जब मैं हरियाणा का प्रभारी था, तो पंचकूला से यहां आना-जाना लगा रहता था। यहां काफी पुराने कार्यकताओं के साथ काम किया।

**शेष पेज 2 पर**

# बड़े बदलाव के मूड में कांग्रेस, प्रियंका को पार्टी का उपाध्यक्ष बनाया जा सकता है



नई दिल्ली। प्रियंका गांधी वाड्रा पर्दे के पीछे से अहम भूमिका निभा रही हैं, भले ही वे वर्तमान में महासचिव के पद पर हैं, लेकिन उनके पास कोई खास संगठनात्मक प्रभार नहीं है। उनके सबसे उल्लेखनीय हालिया योगदानों में से एक गुजरात से शुरू होने वाले जिला अध्यक्षों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक पायलट परियोजना का खाका तैयार करना है।

कांग्रेस द्वारा संगठन में प्रियंका गांधी वाड्रा की भविष्य की भूमिका पर जल्द ही निर्णय लिए जाने की उम्मीद है, क्योंकि पार्टी उपाध्यक्ष के पद पर उनकी संभावित पदोन्नति को लेकर आंतरिक चचाएं जोर पकड़ रही हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, प्रियंका गांधी वाड्रा पर्दे के पीछे से अहम भूमिका निभा रही हैं, भले ही वे वर्तमान में महासचिव के पद पर हैं, लेकिन उनके पास कोई खास संगठनात्मक प्रभार नहीं है। उनके सबसे उल्लेखनीय हालिया योगदानों में से एक गुजरात से शुरू होने वाले जिला अध्यक्षों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक पायलट परियोजना का खाका तैयार करना है।

**शेष पेज 2 पर**

# अंबेडकर जयंती पर एटा में बवालः दुकानों में तोड़फोड़..

## .पुलिस ने खदेड़ा, दलित युवक को गोली मारने पर फैला आक्रोश

एटा। एटा के जलेसर में आंबेडकर जयंती शोभायात्रा से पहले एक दलित युवक को गोली मार दी गई। इस घटना की सूचना मिलते ही समाज के लोगों में आक्रोश फैल गया। इस दौरान बाजार में तोड़फोड़ कर दी गई। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर मामला शांत कराया।

एटा के जलेसर में भारत रत्न डॉ. बीआर आंबेडकर जयंती के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा से पहले दलित युवक को गोली मार दी गई। इस घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव फैल गया। बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। सूचना



मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। वहीं पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि आपसी लेनदेन की वजह से वारदात हुई।

वहीं घटना के बाद पुलिस के सामने ही हंगामा शुरू हो गया। कुछ युवकों ने बाजार की दुकानों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। ये देख पुलिस के पसीने छूट गए। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर हंगामा और तोड़फोड़ कर रहे लोगों को वहां से खदेड़ दिया।

ये घटना जलेसर पेट्रोल पंप रोड स्थित जनता क्लिनिक के पास की है।

**शेष पेज 2 पर**

भगोड़ा मेहुल चोकसी — क्या अब भारत लाया जाएगा भगोड़ा कारोबारी मेहुल चोकसी;

# कहां, क्यों, कब और कैसे हुआ गिरफ्तार ?



**नई दिल्ली।** मेहुल चौकसी कौन है? चोकसी किस मामले में आरोपी है? उससे जुड़ा पूरा मामला क्या है? इसमें कब-कब क्या हुआ? चोकसी बीते सात साल में कहां-कहां रहा? बेल्जियम में उसकी गिरफ्तारी क्यों हुई? और उसे भारत वापस कैसे लाया जा सकता है? आइये जानते हैं...

भारत के भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी को सोमवार सुबह बेल्जियम से गिरफ्तार किया गया है। चोकसी बीते करीब सात साल से भारतीय एजेंसियों की पकड़ से दूर है। चोकसी की गिरफ्तारी के बाद यह चर्चा है कि क्या 26/11 हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा के बाद चोकसी का प्रत्यर्पण भी कर सकता है?

मेहुल चौकसी कौन है? चोकसी किस मामले में आरोपी है? उससे जुड़ा पूरा मामला क्या है? इसमें कब-कब क्या हुआ? चोकसी बीते सात साल में कहां-कहां रहा? बेल्जियम में उसकी गिरफ्तारी क्यों हुई? और उसे भारत वापस कैसे लाया जा सकता है? आइये जानते हैं...

**मेहुल चोकसी से जुड़ा मामला क्या है?**– मेहुल चोकसी का नाम पहली बार 2018 में सामने आया, जब एक विशेष पीएमएलए कोर्ट ने चोकसी और उसके भांजे नीरव मोदी और नीशल मोदी के खिलाफ एक गैर-जमानती वारंट जारी किया।

आरोप है कि नीरव और मेहुल ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के कुछ अधिकारियों के साथ मिलकर बैंक को करीब 13,000 करोड़ रुपये का चूना लगाया। यह बैंकिंग इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला कहा जाता है।

इन लोगों ने पीएनबी की मुंबई के फोर्ट में स्थित ब्रेडी हाउस ब्रांच के अधिकारियों की मदद से फर्जी लेटर ऑफ अंडरटेकिंग्स के जरिए बैंक से कर्ज पर रकम लेकर विदेशों में ट्रांसफर की।

# असम के दरंग जिले में पंचायत चुनाव के लिए तैनात पर्यवेक्षक उपस्थित

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**असम:** असम में आगामी पंचायत चुनावों के अवसर पर दरंग जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों के लिए तैनात पर्यवेक्षक जिले में पहुंच चुके हैं। जानकारी के अनुसार, मंगलदोई विधानसभा क्षेत्र की चुनाव पर्यवेक्षक असम सिविल सेवा अधिकारी कल्पना डेका 11 अप्रैल को जिले में पहुंची और मंगलदोई कॉमर्स कॉलेज में आयोजित पीठासीन और मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया और दरंग जिला आयुक्त के साथ-साथ संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की। शनिवार को पर्यवेक्षक ने चुनाव की विभिन्न गतिविधियों का जायजा लेने के लिए पूर्वी मंगलदोई और पश्चिम मंगलदोई में खंड विकास अधिकारी के कार्यालयों का दौरा किया। इस बीच, सिपाझार विधानसभा क्षेत्र के चुनाव पर्यवेक्षक अश्विन नाम्पू ने निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों, स्ट्रांग रूम और मतगणना केंद्रों का दौरा किया। पर्यवेक्षक ने नामांकन प्रक्रिया के बाद जांच प्रक्रिया का जायजा लेने के लिए सम जिला आयुक्त और सिपाझार के सर्किल अधिकारी के कार्यालयों का दौरा किया। उन्होंने दोपहर में चुनाव में लगे मैदानी स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक भी की। इस बीच, सिविल सेवा अधिकारी भास्कर ज्योति मांता ने 11 अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। दूसरी ओर प्रेक्षक ने आज डलगांव में सम जिला आयुक्त कार्यालय, दलगांव और बेसीमारी में खंड विकास अधिकारी के कार्यालय का दौरा किया और नामांकन पत्रों की जांच की प्रक्रिया का जायजा लिया। आवश्यकता पड़ने पर जनता पंचायत चुनाव के अवसर पर गठित पर्यवेक्षी प्रकोष्ठ से +91-3713-314022 पर संपर्क कर सकता है।

# स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार: 20-25 दिनों में शुरू होंगे 70 आयुष्मान आरोग्य मंदिर, मोहल्ला क्लिनिक पर संकट

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार का यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं को और सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि मोहल्ला क्लिनिकों के भविष्य को लेकर सवाल उठ रहे हैं। दिल्ली में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए अगले 20 से 25 दिनों में 70 आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुरू किए जाएंगे। हर विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोला जाएगा। दिल्ली सरकार ने एक साल में 1139 ऐसे मंदिर खोलने का लक्ष्य रखा है। ये मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) और बारात घरों जैसी जगहों पर स्थापित किए जाएंगे।

मोहल्ला क्लिनिक पर लटकी तलवार-दूसरी ओर भाजपा सरकार ने किराये पर चल रहे मोहल्ला क्लिनिक और पोर्टा केबिन मोहल्ला क्लिनिक को



बंद करने का संकेत दिया है। स्वास्थ्य मंत्री ने इन क्लिनिकों को बेकार करार देते हुए कहा कि जल्द ही जांच के बाद इन्हें बंद करने का फैसला लिया जाएगा।

आयुष्मान कार्ड का तेजी से वितरण-आयुष्मान भारत योजना के तहत दिल्ली में 10 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन शुरू होने के बाद अब तक 1 लाख 75 हजार परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। अगले हफ्ते से इनका वितरण शुरू होगा।

अस्पतालों में बेड और डॉक्टरों की कमी पर जोर- स्वास्थ्य मंत्री ने पिछली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में सरकारी अस्पतालों में केवल 1322 बेड बढ़ाए गए, जबकि 10 हजार बेड का लक्ष्य था। वर्तमान सरकार ने दावा किया कि वह एक साल में बेड की कमी को पूरी तरह खत्म कर देगी। इसके अलावा, दिल्ली के अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी को भी कम किया गया है। जहां पहले 21 फीसदी डॉक्टरों की कमी थी, अब यह घटकर 16 फीसदी रह गई है। दिल्ली सरकार का यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं को और सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि मोहल्ला क्लिनिकों के भविष्य को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

# दिल्ली में गर्मी से सब बेहाल, तीन दिन होगा और बुरा हाल; तापमान पहुंचेगा 42 डिग्री

**एनपीटी ब्यूरो**

नई दिल्ली । रविवार से तापमान में बढ़ोतरी शुरू हुई और तेज धूप गर्मी का अहसास फिर कराने लगी। इस कारण से सोमवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 1.7 डिग्री अधिक 37.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 0.6 डिग्री से अधिक 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

दिल्ली-एनसीआर में मौसम हर सप्ताह बदल रहा है। कभी गर्मी और लू हाल-बेहाल कर रही है तो कभी आंधी और बारिश की फुहारें मौसम को सुहावना बना रही हैं। अब गर्मी से मिली फौरी राहत के बाद तीन दिन के लिए लू वापसी कर रही है। इससे तापमान में इजाफा होगा और गर्मी हाल बेहाल करेगी। ऐसा 16 अप्रैल से पश्चिमी हिमालयन क्षेत्र में आ रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण होगा। इससे तापमान भी 40-42 डिग्री के बीच पहुंच जाएगा।

**नीचली सतह पर चलेगी हवाएं-** पहाड़ों में पश्चिमी विक्षोभ के दस्तक देने के दो से तीन दिन बाद मैदानी इलाकों में निचली सतह पर हवाएं तेज होंगी। इससे चढ़ते पारे पर ब्रेक लगेगा और तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट दर्ज होगी। यह राहत 20 से 21 अप्रैल के बीच देखने को मिलेगी। बीते सप्ताह चली आंधी और हल्की बारिश से तापमान में गिरावट देखने को मिली थी।



रविवार से तापमान में बढ़ोतरी शुरू हुई और तेज धूप गर्मी का अहसास फिर कराने लगी। इस कारण से सोमवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 1.7 डिग्री अधिक 37.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 0.6 डिग्री से अधिक 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

तीन दिन चलेगी हीट वेब

अब 15 अप्रैल को अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री रहने का अनुमान है। आसमान साफ रहेगा और 20-30 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चलेंगी। वहीं 16 से 18 तक तापमान में तीन से चार डिग्री की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। इस दौरान तापमान 40-42 डिग्री रहेगा और मौसम विभाग ने इन तीन दिनों के लिए हीट वेव (लू) चलने की संभावना भी जताई है।

## पेज एक का शेष...

### भारत प्रत्यर्पित किया जाएगा मेहुल चौकसी, बेल्जियम में हुआ गिरफ्तार

इसके बाद ईडी अधिकारियों ने कोर्ट को बताया था कि भारत में भी मेहुल का इलाज किया जा सकता है। नहीं प्रत्यर्पण के अनुरोध के बाद ही बेल्जियम पुलिस मेहुल चौकसी को गिरफ्तार कर चुकी है।

### मेहुल चौकसी से मोदी लेंगे पाई-पाई का हिसाब

विभाग ने कहा कि बेल्जियम के अधिकारी चोकसी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्यवाही की तैयारी कर रहे हैं, जबकि उसके लिए कानूनी सलाहकार भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

**शेष**मेहुल चोकसी को 12 अप्रैल, 2025 को गिरफ्तार किया गया था। उसे आगे की न्यायिक कार्यवाही की प्रत्याशा में हिरासत में रखा गया है।

उसके कानूनी सलाहकार तक पहुंच सुनिश्चित की गई है। विभाग के एक प्रवक्ता ने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा कि बेल्जियम संघीय लोक सेवा न्याय इस बात की पुष्टि कर सकता है कि भारतीय अधिकारियों ने चोकसी के लिए प्रत्यर्पण अनुरोध पेश किया। वो अपनी खराब सेहत के आधार पर जमानत लेने की कोशिश में है। मेहुल और भतीजे नीरव मोदी को लेकर देश में सियासत भी होती रही है। खबरों के मुताबिक, मेहुल को सीबीआई के अनुरोध पर वहां पकड़ा गया है। सीबीआई ने उसे अदालत से भगोड़ा घोषित कराकर रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी कर रखा था। उस नोटिस के बारे में फिलहाल कन्फ्यूजन है।

सूत्रों के अनुसार, भारतीय अधिकारी मेहुल चोकसी मामले में अगली सुनवाई के लिए बेल्जियम जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वे पहले से ही कानूनी रणनीति तैयार कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वह जेल में ही रहे और प्रत्यर्पण की कार्यवाही शुरू हो सके। सूत्रों ने बताया कि भारतीय अधिकारियों को उम्मीद है कि सबूतों के आधार पर बेल्जियम की अदालत भगोड़े कारोबारी के खिलाफ प्रत्यर्पण कार्यवाही के उनके अनुरोध को स्वीकार कर लेगी। चोकसी पर अपने भतीजे नीरव मोदी, उसकी पत्नी अमी मोदी और उसके भाई नीशाल मोदी के साथ सरकारी पंजाब नेशनल बैंक में 12,636 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। 2018 में चोकसी भारत से भाग गया और एंटीगुआ की नागरिकता ले ली।

### शंकरन नायर का नाम लेकर कांग्रेस को सुनाई खरी-खोटी

मोदी ने कहा कि हमारी यह परंपरा आज भी चल रही है। हरियाणा लगातार तीसरी बार डबल इंजन की सरकार की रफ्तार देख रहा है। अब तो सैनी जी कह रहे हैं कि अब यहां ट्रिपल इंजन की सरकार है। हरियाणा के लोगों की सेवा के लिए, यहां के युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए हम ज्यादा गति से, ज्यादा बड़े स्केल पर काम करते रहते हैं। आज यहां शुरू हुई विकास परियोजनाएं भी इसी का उदाहरण हैं। मैं हरियाणा के लोगों को इन विकास परियोजनाओं के लिए बधाई देता हूं।

साथियों, मुझे गर्व है कि हमारी सरकार बाबा साहब के विचारों को आगे बढ़ाते हुए चल रही है। बाबा साहेब ने उद्योगों के विकास को सामाजिक न्याय का मार्ग बताया था। बाबा साहेब ने भारत में छोटी जोतों की समस्या को पहचाना था। वे कहते थे कि दलितों के पास खेती के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। इसलिए दलितों को उद्योगों से फायदा होगा।

मोदी ने कहा कि हमारी सरकार भारत में मैन्युफैक्चरिंग पर इतना बल दे रही है, इस साल के बजट में इसको लेकर हमने घोषणा भी की है। इसका मतलब है कि देश के पिछड़े लोगों और युवाओं को अधिक से अधिक फायदा मिले। एमएसएमई सेक्टर में भी इस पर काम होगा। हमारे उत्पाद दुनिया में सबसे बेहतरीन हों, इस पर हम काम कर रहे हैं।

इसके लिए ऊर्जा बहुत जरूरी है, हमें बिजली पर भी आत्मनिर्भर होना ही होगा। इसके लिए यहां तीसरी इकाई का शुभारंभ हुआ है। इसका फायदा यहां के लोगों को होगा। भारत में जितना औद्योगिक विकास, जैसे प्लाईवुड बनता है, उसका आधा तो हरियाणा में ही बनता है। यहीं से पेट्रोकेमिकल प्लांट के उपकरण दुनिया के कई देशों में भेजे जाते हैं। ऊर्जा के क्षेत्र में बढ़ावा होने से उद्योगों को खूब फायदा होगा।

पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार बिजली को लेकर पूरी गंभीरता से काम कर रही है। 2014 से पहले जब कांग्रेस की सरकार थी, वे दिन भी देखे हैं, जब पूरे देश में ब्लैकआउट होते थे। कांग्रेस की सरकार यदि रहती तो देश को आज भी ऐसे ही ब्लैकआउट से गुजरना पड़ता। न कारखाने चल पाते, न रेल चल पाती, न खेतों में पानी पहुंचता। यानी कांग्रेस की सरकार रहती तो ऐसे ही संकट बना रहता। आज हालात बदल रहे हैं, बीते 10 सालों में भारत ने बिजली उत्पादन की क्षमता को करीब दो गुना किया है। आज भारत अपनी जरूरत को पूरा करने के साथ-साथ पड़ोसी देशों को बिजली निर्यात भी करता है। आज हरियाणा में 16 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन होता है। आने वाले समय में 24 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य लेकर काम कर रहे हैं। हम थर्मल के साथ ही देश के लोगों को पावर जनरेशन का विकल्प दे रहे हैं।

हमने पीएम सूर्य घर बिजली योजना शुरू की है। आप अपने घरों में सोलर पैनल लगाकर बिजली का बिल शून्य कर सकते हैं, जो अतिरिक्त बिजली होगी उसे बेचकर कमाई भी कर सकते हैं। मुझे खुशी है कि हरियाणा के लाखों लोगों ने इसके लिए आवेदन किया है। जैसे-जैसे इस योजना का विस्तार हो रहा है, वैसे-वैसे इको-फ्रेंडली विकास भी हो रहा है।

पीएम ने कहा कि मुद्रा योजना में पिछले दस साल में देश के सामान्य लोग, जो पहली बार उद्योग के क्षेत्र में आ रहे हैं, उनको बिना गारंटी 33 लाख करोड़ रुपए लोन के रूप में दिए जा चुके हैं। इस योजना के 50% से भी ज्यादा लाभार्थी एससी, एसटी, ओबीसी के हैं। ये छोटे उद्योग हमारे नौजवानों के बड़े सपनों को पूरा करें।

हमारे हरियाणा के किसानों की मेहनत हर भारतीय की थाली में नजर आती है। हमारा प्रयास है कि हरियाणा के किसानों का समर्थन बढ़े। हरियाणा की सरकार राज्य की 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदती है। हरियाणा के लाखों किसानों को पीएम फसल बीमा योजना का लाभ भी मिला है। करीब 9,000 करोड़ रुपए से ज्यादा के क्लेम भी किसानों को दिए गए हैं। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 6,500 करोड़ रुपए किसानों को दिए गए हैं।

हरियाणा सरकार ने अंग्रेजों के जमाने का आबियाना कानून भी खत्म कर दिया है। अब किसानों को नहर के पानी पर टैक्स नहीं देना पड़ेगा। इसके अलावा 130 करोड़ रुपए के आबियाना को भी राज्य सरकार ने माफ कर दिया है।

कांग्रेस शासित राज्यों में जनता के साथ विश्वासघात हो रहा- पीएम- मोदी ने कहा कि हरियाणा की गाड़ी अब विकास के पथ पर दौड़ रही है। यहां आने से पहले हिसार में लोगों के बीच जाने का अवसर मिला। वहां से अयोध्या धाम के लिए सीधी हवाई सेवा शुरू की है। रेवाड़ी के लोगों को जाम से मुक्ति मिली है। यह चार लेन का बाइपास गाड़ियों को आसानी से शहर से बाहर निकालेगा। दिल्ली से नारनौल के लिए लगने वाले समय में एक घंटे की कमी आएगी।

कांग्रेस शासित राज्यों में जनता के साथ विश्वासघात हो रहा है। पड़ोस में देखिए, हिमाचल में सारे काम ठप पड़े हैं। कर्नाटक में देखिए, हर चीज महंगी हो रही है। मैं सोशल मीडिया पर देख रहा था कि कर्नाटक में जो कांग्रेस सरकार ने टैक्स लगाए हैं, उनकी सोशल मीडिया पर लोगों ने खूब आलोचना की है। खुद वहां के मुख्यमंत्री के करीबी कहते हैं कि कांग्रेस ने कर्नाटक को करप्शन में नंबर वन बना दिया है। तेलंगाना में भी कांग्रेस की सरकार जंगलों पर बुलडोजर चला रही है। यही है कांग्रेस की कार्यशैली। हम यहां कचरे से गोबर धन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। एक तरफ कांग्रेस का मॉडल है जो पूरी तरह से फेल साबित हो रहा है, दूसरी तरफ भाजपा का मॉडल है, जो सत्य पर चल रहा है। सपना है देश को विकसित भारत बनाने का। यमुनानगर भी इसी तर्ज पर आगे बढ़ रहा है। मोदी ने कहा कि मैं एक और विषय पर भी चर्चा करना चाहता हूं। कल देश ने बैसाखी का पर्व मनाया। कल ही जलियांवाला बाग हत्याकांड हुआ था। यह पहलू मानवता के साथ देश के साथ खड़े होने के जज्बे का है। इस जज्बे का नाम शंकरन नायर है। इनका नाम सुना नहीं होगा, लेकिन इस नाम की चर्चा खूब हो रही है। उस जमाने में वे अंग्रेजी सरकार में बहुत बड़े पद पर विराजमान थे।

वे सत्ता के साथ रहने का सुख-चैन, सब कुछ कमा सकते थे, लेकिन उन्होंने विदेशी शासन के विरुद्ध जलियांवाला बाग हत्याकांड के विरोध में आवाज उठाई। उन्होंने पद छोड़ दिया। केरल के थे, लेकिन घटना पंजाब में घटी थी। उन्होंने जलियांवाला बाग हत्याकांड को लेकर लड़ने का फैसला किया। वे अपने दम पर लड़े और अंग्रेजी साम्राज्य को हिलाकर रख दिया।

### 'हम किसी से उलझेंगे नहीं..कोई छेड़ेगा तो छोड़ेंगे नहीं, जहां मंदिर उसे अब लेकर रहेंगे

वह इसलिए कि श्रीराम को हनुमान जैसा पूरी तरह से समर्पित सेवक मिला। वीर हनुमान रामावतार में श्रीराम के दूत व पुत्र बने और कृष्णावतार में कृष्ण जी के मित्र। इसी प्रकार जैसे कन्हैया ने दो माताएं बनाईं। देवकी व यशोदा।

उसी प्रकार हनुमान ने भी दो माताएं बताईं। अंजना व सीता। वहीं, कन्हैया ने दो पिता बनाए। वासुदेव व नंदबाबा। उसी प्रकार हनुमान ने दो पिता बनाए। पवन व केसरी। इस बीच वीर हनुमान का प्रसंग सुनकर श्रोता दोनों हाथों से तालियां बजाकर जय-जयकार कर रहे थे। इसके बाद भगवान श्रीराम की महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इससे पहले आयोजकों में सेवानिवृत डीआईजी शिवकुमार वार्ष्णेय, तीरथ वार्ष्णेय, अजय कुमार नीटू, कपिल गुप्ता, गोविंद इलैक्ट्रॉनिक्स, सचिन कुमार नन्हा, टिंकू सेठ, नीटू कठैरिया व अनुज कुमार हिटलर रहे।

### कहां, क्यों, कब और कैसे हुआ गिरफ्तार?

आरोपियों ने फर्जीवाड़े से छद्म की अवधि एक साल तक दिखाई और महंगे आभूषणों का आयात किया, जबकि रिजर्व बैंक की गाइडलाइंस के मुताबिक, इनकी अवधि 90 दिन ही हो सकती है, जिसके बाद कर्ज वापसी जरूरी है।

भारतीय बैंकों की विदेश में मौजूद शाखाओं ने आरबीआई के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया। वे ऐसे दस्तावेज मुहैया कराने में नाकाम रहे, जिसके जरिए विदेश में उनसे कर्ज हासिल किया गया।

बेल्जियम में क्यों गिरफ्तार हुआ मेहुल चोकसी?

रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेहुल चोकसी ने बेल्जियम में निवास कार्ड पाने के लिए जाली दस्तावेज जमा किए। भारत ने इसे लेकर यूरोपीय देश को आगाह भी किया। बताया गया कि चौकसी ने यह भी छिपाया कि वह भारत और एंटीगुआ का नागरिक है।

इससे पहले फरवरी में चोकसी के वकील ने मुंबई की एक अदालत को बताया था कि वह भारत नहीं लौट सकता, क्योंकि वह रक्त कैंसर के इलाज के लिए बेल्जियम में था।

भगोड़े कारोबारी ने कहा था कि वह भारतीय एजेंसियों के साथ सहयोग करने और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालतों में पेशी के लिए तैयार है। हालांकि, इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया गया और एजेंसियां उसके प्रत्यर्पण की दिशा में काम करती रहीं।

मेहुल चोकसी को बेल्जियम से भारत कैसे लाया जा सकता है?

भारत और बेल्जियम के बीच प्रत्यर्पण संधि है। इस संधि के तहत हत्या, धोखाधड़ी, जालसाजी जैसे कई अपराधों के अभियुक्तों को एक देश से दूसरे देश भेजने का अहम माध्यम है। 2020 में केंद्रीय कैबिनेट ने संधि में कुछ बदलाव भी किए थे।

किन शर्तों पर हो सकता है प्रत्यर्पण?

संधि के मुताबिक, "किसी भी स्थिति में नागरिकों या निवासियों को तब तक नहीं सौपा जा सकता, जब तक किया गया अपराध दोनों देशों के कानून के हिसाब से प्रत्यर्पण लायक जुर्म नहीं है।" सीधे शब्दों में समझें तो किसी व्यक्ति को तभी प्रत्यर्पित किया जा सकता है, जब उसके द्वारा किया गया काम भारत और बेल्जियम दोनों देशों में अपराध की श्रेणी में आता हो।

क्या दूसरे देश के नागरिकों का भी हो सकता है प्रत्यर्पण?

मेहुल चोकसी ने 15 जनवरी 2018 को एंटीगुआ की नागरिकता की शपथ ले ली थी। उसके भारतीय नागरिकता त्यागने को लेकर ज्यादा जानकारी मौजूद नहीं है। वहीं, मौजूदा समय में वह बेल्जियम का निवासी है। ऐसे में यह पूरी तरह बेल्जियम का अधिकार होगा कि वह चोकसी को भारत प्रत्यर्पित करता है या नहीं।

क्या बेल्जियम प्रत्यर्पण से मना कर सकता है?

संधि की एक खास बात यह भी है कि अगर प्रत्यर्पण की मांग राजनीतिक कारणों से की जा रही है तो इस मांग को नकारा जा सकता है। इसके अलावा सैन्य, भेदभाव व अन्य तर्कों और तथ्यों के आधार पर भी प्रत्यर्पण से इनकार किया जा सकता है। इसके अलावा अगर किसी अपराध के लिए भारत में मौत की सजा दी जा सकती है, तो बेल्जियम प्रत्यर्पण से पहले ऐसी किसी सजा को न देने का समझौता कर सकता है। हालांकि, चोकसी के मामले में यह तथ्य लागू नहीं होता।

भारत और बेल्जियम ने 2023 में आपसी कानूनी सहयोग संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत दोनों देश भगोड़े आरोपियों के खिलाफ जांच एजेंसियों की तरफ से जारी एक-दूसरे के सर्च वॉरंट और समन को प्रभावी कर सकते हैं।

### आंबेडकर जयंती पर अखिलेश बोले: 'देश संविधान से चलना चाहिए, साजिशों के तहत खंडित की जाती रही हैं प्रतिमाएं'

आज भी समाज के एक हिस्से में उनको लेकर नफरत है। प्रदेश में कई जगहों पर आंबेडकर की प्रतिमाएं तोड़ी जाती हैं। यह सब इन्हीं बातों का संकेत है कि कुछ राजनीतिक दलों को वह स्वीकार्य नहीं हैं। सोचे और समझे तरीके से संविधान को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है।

### अंबेडकर जयंती पर एटा में बवाल: दुकानों में तोड़फोड़..

बताया गया है कि मेडिकल पर बैठने वाले दलित युवक अनिल को पड़ोसी दिनेश कुमार यादव द्वारा गोली मार दी गई। तत्काल युवक को उपचार के लिए अन्य लोग अस्पताल ले गए। उधर इस घटना की जानकारी मिलते ही दलित समुदाय में आक्रोश फैल गया।

घटना के एक घंटे बाद नगर में रैली निकालने वाली थी। लेकिन इस वारदात की सूचना मिलने के बाद सभी लोग एकत्रित होकर मौके पर पहुंच गए। दलित समाज के लोगों ने आगरा चौराहे पर जाम लगा दिया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

बताया गया है कि पुलिस मामले को शांत कराने के प्रयास में जुटी हुई थी, उसी दौरान कुछ युवकों ने बाजार में तोड़फोड़ कर दी। दुकानों से सामान निकालकर फेंकना शुरू कर दिया। ये देख पुलिस के पसीने छूट गए। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर इन युवकों को खदेड़ दिया।

### बड़े बदलाव के मूड में कांग्रेस, प्रियंका को पार्टी का उपाध्यक्ष बनाया जा सकता है

यह परियोजना, जो जिला-स्तरीय नेताओं को अधिक जिम्मेदारी और अधिकार देकर कांग्रेस के जमीनी ढांचे को मजबूत करने का प्रयास करती है, बाद में इसे अन्य राज्यों में भी दोहराया जा सकता है यदि यह गुजरात में सफल हो जाती है।

पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि प्रियंका की औपचारिक भूमिका पर चर्चा के साथ-साथ, कांग्रेस संगठन के भीतर व्यापक कार्यात्मक बदलावों की भी तैयारी कर रही है। आगामी चुनावी चुनौतियों से पहले पार्टी के कामकाज को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आंतरिक प्रणालियों और परिचालन दक्षता में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सूत्रों ने संकेत दिया कि प्रियंका गांधी वाड्रा की पदोन्नति पर अंतिम निर्णय अभी भी लंबित है, लेकिन प्रमुख संगठनात्मक पहलों में उनकी भागीदारी कांग्रेस की भविष्य की दिशा को आकार देने में उनके बढ़ते प्रभाव को दर्शाती है।

# महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल में मनाई गई बाबा साहब अंबेडकर की जयंती

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत। महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल अग्रवाल मंडी टटीरी में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई।

भारत की संस्कृति के प्रति उनके योगदान की सराहना की गई। बताया कि वह भारत के सर्वांगीण विकास के लिए आजीवन कार्य करते रहे। उन्होंने समाज में बिना भेदभाव, शिक्षा के लिए कार्य किया। प्रधानाचार्य सतेंद्र शर्मा ने कहा कि बाबा साहब का भारत हमेशा ऋणी रहेगा। उन्होंने भारत को एक नई दिशा देने का कार्य किया।



अध्यापिका अंजना ने बताया कि हम सभी को बाबा साहब के पद चिन्हो पर चलना चाहिए। अध्यापक अनिल कुमार ने बताया कि बाबा साहब ने युवाओं के लिए शिक्षा के जो मंत्र बताये, उस पर चलकर ही हम समाज का उद्धार कर सकते हैं। डायरेक्टर मनोज कुमार आर्य ने बताया कि बाबा साहब एक शिक्षाविद के साथ-साथ समाज सुधारक भी थे। उनके दिखाये मार्ग पर चलकर ही हम देश की अखंडता, एकता को बरकरार रख सकते हैं। उन्होंने समाज को उच्च-नीच की कुरीतियों से बाहर निकलने में बहुत बड़ा योगदान दिया। उन्होंने बताया कि मानव मात्र एक समान है। इस अवसर पर सविता शर्मा,रेखा राहुल कुमार ,सचिन कुमार,प्रियांशी, योगेंद्र शर्मा, कनिष्क, अंशु आदि उपस्थित रहे।

# ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल मवीकला में बाबा साहब की जयंती पर किया नमन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत। ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल मवीकलां खेकड़ा में स्कूल के प्रबंधक ब्रिजेश कुमार शर्मा ने स्कूल स्टाफ और बच्चों के साथ संयुक्त रूप से महान समाज सुधारक (भारत रत्न) और भारतीय संविधान के निमार्ता बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती मनाई।

सभी ने उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और देश व समाज के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य गिनाये। इस मौके पर ब्रिजेश कुमार शर्मा ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म एक साधनहीन परिवार में हुआ था, लेकिन फिर भी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने उच्च शिक्षा ग्रहण की और भारत में गैर बराबरी की जो परंपरा सदियों से चली आ रही थी उसको समाप्त करने के लिए जीवन भर अथक प्रयास किया। कहा कि उन्होंने देश व समाज के लिए जो कार्य किये है, उन्हें कभी भुलाया नही जा सकता। इस मौके पर रामकिशोर शर्मा, ओमबीरी, संगीता शर्मा, इंदु शर्मा, दीपा जैन, नेहा चौधरी, शालू धामा, शिवानी कश्यप, मंजु, परविन्द्र कुमार, मोनू स्वामी, दीपाली आदि मौजूद रहे।




# भाजपा कार्यकताओं ने घर-घर जाकर गिनाई उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियां

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के आठ वर्ष पूर्ण हो चुके है। भाजपा ने आठ वर्षो में प्रदेश के लिए जो कार्य किये उसको जन-जन तक पहुँचाने के लिए अभियान की शुरूआत की है, जिसके अन्तर्गत भाजपा के कार्यकर्ता लोगों के घर-घर जाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के जनहितैषी कार्यो को बता रहे है।

.इसी क्रम में बागपत विधायक के प्रतिनिधि और प्रमुख भाजपा नेता जयकुमार अपने साथी कार्यकताओं के साथ लोगों के घर-घर जाकर उनको सरकार की उपलब्धियों से वर्णित पुस्तिका दे रहे है और बता रहे है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश से माफिया राज को समाप्त किया है और भ्रष्टाचार से मुक्त होकर सुशासन वाले उत्तर प्रदेश का निर्माण किया है। जयकुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने एक सशक्त, सुरक्षित व आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की नींव रखी है व हर गाँव और हर घर तक बिजली पहुंचाई है। बताया कि हाईवे और एक्सप्रेसवे के निर्माण से उत्तर प्रदेश को नई रफ्तार मिली। पिछले 8 वर्षो के दौरान सरकार द्वारा कानून-व्यवस्था में सुधार, कृषि विकास, रोजगार सृजन और महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रदेश भ्रष्टाचार व अपराध मुक्त हुआ है व सरकार की योजनाओं से लाखों युवाओं को रोजगार मिला है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश मलिक, राजेश, संजय वशिष्ठ, सचिन, बबीता, रिचा, रूबी, हरबीरी, भगवान सिंह, संजीव, कल्लू सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# प्रखर बुद्धि एवं विद्वान महापुरुष थे बाबा साहब अंबेडकर : संत कुमार धामा



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत। सीडीएस पब्लिक स्कूल हसनपुर मसूरी में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य संत कुमार धामा ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भीमराव अंबेडकर एक प्रखर बुद्धि और विद्वान महापुरुष थे।उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के समय कई महत्वपूर्ण आंदोलन में देश को आजाद कराने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने हमेशा शोषित, पीड़ित,अछूत तथा महिलाओं के लिए संघर्ष किया। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने 32 डिग्रियों की उपाधि प्राप्त करी थी। उन्हें 9 भाषाओं का ज्ञान था। उनकी बुद्धिमत्ता के कारण ही उनको भारतीय संविधान की प्रारूप समिति का अध्यक्ष बनाया। उन्होंने भारतीय संविधान बनाकर देश को एक नई दिशा दी तथा समाज में शोषित, पीड़ित, अछूत, महिला उत्पीड़न आदि के संरक्षण को इसमें स्थान दिया। इस अवसर पर ईश्वर चौधरी विजेता सैनी कविता धामा भारती प्रीति धामा अमरदीप धामा विकास शर्मा आदि अध्यापक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# रविदास मंदिर में धूमधाम के साथ मनाई गई बाबा साहब अंबेडकर की जयंती



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत। नगर के दिल्ली रोड़ स्थित संत रविदास मंदिर में संविधान के निमार्ता बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती को बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

डाक्टर भीमराव अम्बेडकर वेलफेयर संगठन नगर बागपत के कार्यकताओं ने बाबा साहब के चित्र के आगे पुष्पांजली अर्पित कर उनको नमन किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश महिला शिक्षा संघ बागपत की जिलाध्यक्ष मंजू रावत ने कहा कि डाक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के मऊ में हुआ था। बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर ने अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से उच्च शिक्षा प्राप्त की। समाजसेवी एवं रोड़वेज के सीनियर अधिकारी यशपाल सिंह ने कहा कि बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर ने देश को शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो का नारा दिया। बताया कि बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान की ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष थे इसीलिए उनको भारतीय संविधान का निमार्ता कहा जाता है। मास्टर संजीव कुमार एवं प्रसिद्ध समाजसेवी सुरेश कुमार ने कहा कि भारत के इतिहास में कुछ ऐसे महान लोग हैं, जिन्होंने समाज की दिशा और दशा को पूरी तरह बदल दिया। बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर ऐसा ही एक नाम हैं, जिनका जीवन भारत में समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व की भावना को समर्पित था। इस अवसर पर कीर्ति रूहेला, सतवीर सिंह, परविंद्र कुमार, रूपेश, ऋतिक, टिंकू, सावन, मोहित जाटव, विशाल झंडा, अनुज, अश्विनी, हिमांशु, वंश, मनोज, सुनील दीक्षित, अमित, सितार सिंह, सुरेश कुमार, अजय, जगमेल सिंह, संजीव कुमार सहित सैंकड़ो लोग उपस्थित थे।

# पशु तस्कर सोनू कसाई को पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार



**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। बारादरी क्षेत्र में रविवार रात पशु तस्कर से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पैर में गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया। जिला अस्पताल में उसका उपचार कराया गया। पकड़े गए आरोपी का नाम सोनू कसाई है। कुछ दिन पहले कसाई टोला के घर में पशु काटने वाले तस्कर पुलिस की दबिश के दौरान फरार हो गए थे। पुलिस की टीम उनकी तलाश कर रही थी। रविवार रात इनमें से एक आरोपी कासिम उर्फ सोनू कसाई को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया।

बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कासिम अपने घर के पास मौजूद है। पुलिस टीम पहुंची तो गोकशी के मुकदमे में नामजद अभियुक्त कासिम उर्फ सानू कसाई सामने दिख गया। उसे टोका तो वह पुलिस पर फायर करके भागने लगा।

# बरेली में फिर बदल सकता है मौसम का मिजाज 18 और 19 अप्रैल को बारिश के आसार

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। जिले का मौसम एक बार फिर बदल सकता है। चार दिन तापमान बढ़ने के बाद 18 और 19 अप्रैल को बारिश की भविष्यवाणी मौसम विभाग ने की है।

बीते दिवस जिले में अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इस दौरान हवा में नमी सुबह 57 प्रतिशत और शाम को 33 प्रतिशत दर्ज की गई।

आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 14 अप्रैल से 17 अप्रैल तक मौसम साफ रहेगा। इस दौरान औसतन अधिकतम तापमान 35 और न्यूनतम तापमान 22 से 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने का पूवार्नुमान है। वहीं, 18 और 19 अप्रैल को बारिश होने से पारे में गिरावट दर्ज होगी।

# बाबा साहब के जीवन पर पोस्टर बनाये गए

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली,संविधान निमार्ता डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर कंपोजिट विद्यालय कोढ़ मपुर में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका चंद्रा दियोलिया द्वारा माल्यार्पण किया गया।इसके साथ ही उन्होंने बाबा साहब के जीवन संघर्ष को विद्यार्थियों को बताया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रदीप कुमार,लखपत राय,आरती सक्सैना,अर्चना,पूनम रानी,ममता देवी,तथा अर्चना राठौर उपस्थित रहे साथ ही बच्चों द्वारा बाबा साहब की जीवनी से संबंधित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।



# फूड विभाग की टारगेट बेस सैंपलिंग बंद न हुई तो आंदोलन करेगा व्यापार मंडल : लोकेश अग्रवाल

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मेरठ। व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश पंजीकृत के पुनः निर्वाचित अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने कहा है कि प्रदेश सरकार में सर्वाधिक भ्रष्ट विभाग - फूड विभाग है। इसके व्यापारी उत्पीड़न व भ्रष्टाचार रुपी पाप का घडा अब भर चुका है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल इस पाप के घड़े को फोड़कर व्यापारी को इससे मुक्ति दिलाएगा।

श्री अग्रवाल आज चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षागृह में आयोजित व्यापार मंडल के त्रिवार्षिक निर्वाचन के बाद आयोजित अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा फूड एक्ट में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों से टारगेट बेस पर सैंपलिंग कराई जा रही है जबकि सेंपलिंग घटिया सामान या मिलावट के आधार पर होनी चाहिए। अधिकारियों को सैंपलिंग के लंबे चौड़े टारगेट दिए गए। जिसकी

उत्पीड़न होता है तथा भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है

उन्होंने कहा कि फूड एक्ट मे निमार्ता से प्रत्येक प्रोडक्ट का 6 माह में एक बार सैंपल एन ए बी एल लैब जो केंद्र सरकार द्वारा ऑथराइज्ड की गई है से पास कराकर पोर्टल पर अपलोड करना होता है जब हर 6 महीने में सैंपल की रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड है फिर बाजार में सैंपलिंग क्यों की जाती है दोहरी व्यवस्था समाप्त होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि फूड एक्ट में सरकार द्वारा निर्मित से एनुअल रिटर्न फार्म डी1 अपलोड करने के नाम पर भारी पेनल्टी वसूल की जा रही है। आम निमार्ता को डी 1 अपलोड करने की जानकारी नहीं दी गई थी फार्म डी 1 पर लगाई जा रही पेनल्टी तुरंत समाप्त होनी चाहिए। जिन व्यापारियों ने जमा कर दी है, उनके पैसे भी वापस होने चाहिए। इस तरह की पेनल्टी छोटे मझौले व्यापारों

करेगी।

उन्होंने कहा कि फूड एक्ट में निमार्ताओं के यहां निरीक्षण के नाम पर बड़े व्यापारियों के सेंट्रल व स्टेट की अलग-अलग टीम में भेजी जा रही है। जो बिल्कुल गलत है। एक देश एक कानून एक अधिकारी एक टैक्स सभी जगह लागू होना चाहिए।

जीएसटी के उत्पीड़न की चर्चा करते हुए लोकेश अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी में 5 करोड़ से टर्नओवर होने पर ई इन्वॉयस लगाई गई है। 50000 का बिल होने पर ई वे बिल की व्यवस्था की गई है। इसलिए रोड पर चेकिंग व बाजारों के सर्वे तुरंत बंद होने चाहिए। टेक्निकल आधार पर सजा जुमार्ना पेनल्टी तुरंत समाप्त होने चाहिए।

इससे पूर्व चुनाव अधिकारी संजय कुमार ने सभी 57 निर्वाचित पदाधिकारीयों को मंच पर बुलाकर उनका परिचय कराया।

# 80 हजार से अधिक पुराने वाहन सस्पेंड, ग्रीन टैक्स जमा कराएं वरना होगी कार्रवाई

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। जिले में 86 हजार वाहन ऐसे हैं, जिनकी 15 साल की उम्र पूरी हो चुकी है। इनका पंजीकरण निलंबित कर दिया गया है। इनमें 75 हजार से अधिक दो पहिया (बाइक, स्कूटी), पांच हजार कारें और एक हजार अन्य वाहन हैं। इन वाहनों का पुनः पंजीकरण कराने के लिए विभाग वाहन मालिकों को नोटिस जारी कर रहा है कि स्पष्ट किया कि आवेदन के साथ 600 रुपये ग्रीन टैक्स जमा कर फिर से पांच साल के पंजीकरण करा लें। यह वाहन सड़क पर दौड़ते मिले तो वाहन स्वामियों पर कार्रवाई की जाएगी।

परिवहन विभाग दफ्तर में करीब सवा दस लाख वाहन पंजीकृत हैं। इसमें करीब पांच लाख कारें, टेंपो, टैक्सी, ई-रिक्शा, ट्रक, डीसीएम, पिकअप, लोडर आदि कामर्शियल वाहन हैं। दो पहिया वाहनों में बाइक व स्कूटी की संख्या अधिक है। मोटर वाहन अधिनियम के मुताबिक वाहनों की फिटनेस का प्रमाणपत्र प्रतिवर्ष जमा करना होता है। जबकि निजी वाहन और बाइक का वन टाइम पंजीकरण पंद्रह साल के लिए होता है। परिवहन विभाग ने जिले के 86 हजार वाहन चिन्हित किए हैं वे दिसंबर 2009 के पहले के हैं।



फिटनेस जांच में पास तभी होगा जब पंजीकरण होगा- एआरटीओ प्रशासन मनोज कुमार बताते हैं मियाद पूरी कर चुके वाहनों के संचालक जिले की आबोहवा खराब कर रहे हैं। इन वाहनों की वजह से आम जनता को खतरा उत्पन्न होगा। पंजीकरण से पहले वाहन की फिटनेस जांच होगी। यदि फिटनेस में वाहन सही निकला तो ही उसका पंजीकरण पांच साल के बढ़ाया जाएगा।

जुमार्ना के साथ जमा करें टैक्स- जिन वाहनों का पंजीकरण निलंबित हुए छह माह से एक सालबीत चुका है। उन्हें भी विभाग की ओर से एक मौका दिया जा रहा है। एआरटीओ प्रशासन बताते हैं कि 500 रुपये प्रतिमाह के हिसाब से कार और 300 रुपये प्रति माह के हिसाब से बाइक पर जुमार्ने का प्रावधान है। वाहन का फिर से पंजीकरण कराने के दौरान टैक्स के साथ प्रति माह के हिसाब से यह जुमार्ना जमा करना पड़ेगा। वाहन स्वामी अब भी पंजीकरण कराने के लिए आवेदन नहीं करेंगे तो माना जाएगा कि वह इच्छुक नहीं है। उनके वाहनों का डाटा पोर्टल से हटा दिया जाएगा। इसके बाद उनका वाहन वैध नहीं रहेगा।

# दिवंगत फायर सर्विस कर्मियों को श्रद्धासुमन श्रद्धांजलि अर्पित

मेरठ। अग्निशमन सेवा सप्ताह के आयोजन में प्रथम दिन आज दिनांक 14.04.2025 को अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर फायर स्टेशन पुलिस लाईन मेरठ में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ डॉ0 विपिन ताडा के निर्देशन में शोक परेड का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक यातायात श्री राघवेन्द्र कुमार मिश्र, अग्निशमन अधिकारी पुलिस लाईन श्री रामकृपाल सिंह एवं फायर सर्विस/पुलिस लाईन के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा पुश्पचक्र चढाकर दिवंगत फायर सर्विस कर्मियों को श्रद्धासुमन श्रद्धांजलि अर्पित की गयी तथा पिन फ्लैग लगाये गये।

# संपादकीय

## वीरान गांवों में वृद्धों की मदद को आयोग

केरल की गिनती देश के सबसे शिक्षित राज्यों में होती है। लेकिन आज 94 फीसदी साक्षरता वाले इस राज्य में बुजुर्ग शिक्षित युवाओं के पलायन का संत्रास झेल रहे हैं। राज्य के करीब 21 लाख घरों में युवाओं के पलायन करने के कारण सिर्फ बुजुर्ग बचे हैं। गांव के गांव पलायन का दंश झेलते हुए वीरान हो चुके हैं। लाखों घरों में सिर्फ ताले लटके नजर आते हैं। दरअसल, समुद्र तट से लगे इस राज्य में खाड़ी के देशों में जाकर सुनहरा भविष्य तलाशने की होड़ लगी रही है। शिक्षा ने जहां प्रगतिशील सोच दी है, वहीं अंतहीन भौतिक लिप्साओं को भी जगाया है। यह होड़ हाल के वर्षों में पंजाब-हरियाणा में भी नजर आ रही है। वैसे तो यह हमारे नीति-नियंताओं की नाकामी का भी परिणाम है कि हम युवाओं को उनकी योग्यता-आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार देश में नहीं दे पाए। उन्हें न अपनी जन्मभूमि का सम्मोहन रोकता है और न ही यह फिक्र कि उनके जाने के बाद बुजुर्ग माता-पिता का क्या होगा। एकाकीपन का त्रास झेलते केरल के इन गांवों में बुजुर्गों के पास पैसा तो है मगर समाधान नहीं है। सामाजिक सुरक्षा की वह छांव कहां, जिसमें बुजुर्ग खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। केरल के कई गांवों में लोग एक दिन हर बुजुर्ग का हाल पूछते हैं कि क्या वे सुरक्षित हैं। वे चर्च व पंचायतों में बैठकें करते हैं ताकि एक-दूसरे के हाल-चाल जान सकें। निश्चय ही ऐसे वैकल्पिक प्रयासों से सामाजिक सुरक्षा को संबल मिलेगा।

बताते हैं कि मार्च माह के अंत में बुजुर्गों के इस एकाकीपन के संकट को महसूस करते हुए केरल सरकार ने एक वरिष्ठ नागरिक आयोग बनाने की घोषणा की है। यह वक्त बताएगा कि लाल-फीताशाही व घुन लगी व्यवस्था में ये आयोग कब तक कारगर भूमिका निभाना शुरू करेगा। लेकिन फिर भी जिस राज्य में हर पांचवें घर से एक व्यक्ति विदेश चला गया है, वहां ऐसा आयोग एक सीमा तक तो सहायक ही हो सकता है। देखना होगा कि सरकारी अधिकारी कितनी संवेदनशीलता से बुजुर्गों की समस्याओं का समाधान करते हैं। सरकार का दावा है कि यह आयोग एकाकीपन का त्रास झेल रहे बुजुर्गों के अधिकार, कल्याण और पुनर्वास के लिये काम करेगा। निस्संदेह, बुजुर्गों की आवश्यकताएं सीमित होती हैं। लेकिन उनका मनोबल बढ़ाने की जरूरत है। सबसे ज्यादा जरूरी उनकी स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं दूर करना है। बेहतर चिकित्सा सेवा व घर-घर उपचार की सहज उपलब्धता समस्या का समाधान दे सकती है। लेकिन देखना यह होगा कि भ्रष्टाचार के घुन से खोखली होती व्यवस्था में वरिष्ठ नागरिक आयोग ऐसे संकट का कारगर समाधान उपलब्ध कराने में किस हद तक सफल हो पाता है। वैसे अकेले रह रहे बुजुर्गों को भी इस दिशा में पहल करनी होगी। सामाजिक सक्रियता इसमें सहायक बनेगी। नीति-नियंताओं को सोचना होगा कि अगले दशकों में युवा भारत बुजुर्गों का भारत बनने वाला है। वर्ष 2050 तक भारत में साठ साल से अधिक उम्र के 34.7 करोड़ बुजुर्ग होंगे। क्या इस चुनौती से निपटने को हम तैयार हैं?

# कला सशक्त माध्यम है दुनिया को खूबसूरत बनाने का

**विश्व कला दिवस की तिथि लियोनार्डो दा विंची के जन्मदिन के सम्मान में तय की गई थी, जो इटली के महान चित्रकार, मूर्तिकार, वास्तुशिल्पी, संगीतज्ञ, कुशल यांत्रिक, इंजीनियर और वैज्ञानिक थे। लिओनार्दो अपनी कला की वजह से दुनिया भर में मशहूर थे, दा विंची को विश्व शांति, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सहिष्णुता, भाईचारे और बहुसंस्कृतिवाद के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में कला के महत्व के प्रतीक के रूप में चुना गया था। कला और कलाकारों की कलात्मक सोच को सम्मानित और आत्मसात करने के उद्देश्य से ही हर साल यह दिवस मनाया जाता है। रंगों और आकृतियों के माध्यम से भावनाओं को अभिव्यक्त करते हुए, कला जीवन के सार को पकड़ती है, भावनाओं को जगाती है और शब्दों के बिना भी संबंध को बढ़ावा देती है।**

कला जीवन को रचनात्मक, सृजनात्मक, नवीन और आनंदमय बनाने की साधना है। कला के बिना जीवन का आनंद फीका अधूरा है। कला केवल एक भौतिक वस्तु नहीं है जिसे कोई बनाता है बल्कि यह एक भावना है जो कलाकारों और उन लोगों को खुशी और आनंद देती है जो इसकी गहराई को समझते हैं। कला अति सूक्ष्म, संवेदनशील और कोमल है, जो अपनी गति के साथ मस्तिष्क को भी कोमल और सूक्ष्म बना देती है। हम जो कुछ भी करते हैं उसके पीछे एक कला छिपी होती है। कला का हर किसी के जीवन में बहुत महत्व है। इसी महत्व के लिये विश्व कला दिवस विभिन्न कलाओं का एक अंतरराष्ट्रीय उत्सव है, जिसे दुनिया भर में रचनात्मक गतिविधि के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कला संघ (आईएए) द्वारा घोषित किया गया था। अंतर्राष्ट्रीय कला संघ की 17वीं आम सभा में 15 अप्रैल को इस दिवस को घोषित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसका पहला समारोह 2012 में आयोजित किया गया था। इस प्रस्ताव को तुर्की के बेदरी बैकम ने प्रायोजित किया और मैक्सिको की रोजा मारिया बुरीलो वेलास्को, फ्रांस की ऐनी पौरनी, चीन के लियू दावेई, साइप्रस के क्रिस्टोस सिमेयोनिडेस, स्वीडन के एंडर्स लिडेन, जापान के कान इरी, स्लोवाकिया के पावेल क्राल, मॉरीशस के देव चूरामुन और नॉर्वे की हिल्डे रोगनस्कॉग ने सह -हस्ताक्षर किए।

विश्व कला दिवस की 2025 की थीम है ह्यअभिव्यक्ति का उद्यानः कला के माध्यम से समुदाय का विकास करनाह्य। इस थीम का उद्देश्य कला के माध्यम से सामुदायिक विकास को बढ़ावा देना है। दुनिया भर के कलाकारों के लिए यह एक महत्वपूर्ण दिन है, जिसका मुख्य उद्देश्य कलाकारों और उनकी कला को सुरक्षित, संरक्षित एवं सर्वंर्धित करना और उन्हें अपनी बुद्धिमत्ता, रचनात्मकता और नवाचार को प्रदर्शित करने के लिए

### विश्व कला दिवस-15 अप्रैल 2025



एक मंच प्रदान करना है। कला दिवस विश्व में विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। कलाकार कविता, पेंटिंग, मूर्तिकला, नृत्य, संगीत जैसे विभिन्न भौतिक साधनों के माध्यम से अपने विचारों, रचनात्मकता, ज्ञान, भावनाओं और कल्पना का आदान-प्रदान करते हैं। यह दिन हमें अपने आस-पास की प्रकृति में गोता लगाने, उसकी सुंदरता का निरीक्षण करने और अपने आस-पास की छोटी-छोटी चीजों पर ध्यान देने को प्रेरित करता है। इसके माध्यम से जीवन की खूबसूरती को उकेरने एवं मोहक दुनिया का सृजन करने का प्रयत्न किया जाता है।

विश्व कला दिवस की तिथि लियोनार्डो दा विंची के जन्मदिन के सम्मान में तय की गई थी, जो इटली के महान चित्रकार, मूर्तिकार, वास्तुशिल्पी, संगीतज्ञ, कुशल यांत्रिक, इंजीनियर और वैज्ञानिक थे। लिओनार्दो अपनी कला की वजह से दुनिया भर में मशहूर थे, दा विंची को विश्व शांति, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सहिष्णुता, भाईचारे और बहुसंस्कृतिवाद के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में कला के महत्व के प्रतीक के रूप में चुना गया था। कला और कलाकारों की कलात्मक सोच को सम्मानित और आत्मसात करने के उद्देश्य से ही हर साल यह दिवस मनाया जाता है। रंगों और आकृतियों के माध्यम से भावनाओं को अभिव्यक्त करते हुए, कला जीवन के सार को पकड़ती है, भावनाओं को जगाती है और शब्दों के बिना भी संबंध को बढ़ावा देती है। विंची एक महान कलाकार थे। उन्होंने कई ऐसी पेंटिंग बनाई हैं, जो विश्वभर में प्रसिद्ध हुई हैं। इन सब में ह्यमोना लिसा की पेंटिंगह्ल के बारे में बच्चे-बच्चे को पता है। लेकिन, विंची ने मोना लिसा के अलावा भी कई विख्यात पेंटिंग बनाई हैं, जिनमें से कुछ हैं - लास्ट सपर, सेल्फ पोर्ट्रेट, द वर्जिन ऑफ द रॉक्स, हेड ऑफ अ वुमेन आदि। उनकी बनाई गई पेंटिंग्स आज भी दुनियाभर के म्यूजियम में रखी हुईं हैं, जिन्हें देखने हर साल कई लाख लोग आते हैं।

दुनिया में कला के विविध रंग बिखरे हैं, कई अद्भुत आर्ट फॉर्म्स प्रचलित है। पॉप आर्ट एक खास तरह का आर्ट फॉर्म है, जो सदियों से लोगों का पसंदीदा रहा है। इस तरह के आर्ट फॉर्म में पेंटिंग को एक कल्पना के तहत बनाया जाता है। इसमें पेंटिंग्स के पारंपरिक तरीकों का प्रयोग किया जाता है। कंटेम्परी आर्ट का सीधा मतलब है, ऐसा आर्ट जो हाल के समय में बनाया गया हो। इस तरह के आर्ट में हाल में हुई घटनाओं पर फोकस किया जाता है। कई लोग मानते हैं कि कंटेम्परी आर्ट और मॉडर्न आर्ट एक ही हैं। मगर ऐसा नहीं है, कंटेम्परी आर्ट के उलट मॉडर्न आर्ट के पेंटिंग्स में पारंपरिक तरीकों को फॉलो नहीं किया जाता है। इस तरह के आर्ट फॉर्म में पेंटर्स को छूट होती है, अपनी कल्पना के तहत पेंटिंग्स बनाने की। एब्सट्रैक्ट आर्ट की पेंटिंग्स बनाना एक बहुत मुश्किल और उलझा हुआ काम है। इस तरह के आर्ट में रंगों और अलग-अलग तरह की आकृतियों का इस्तेमाल किया जाता है, जो एक दूसरे में घुली-मिली-सी होती हैं। एब्सट्रैक्ट आर्ट में कलर्स का इस्तेमाल खासतौर पर भावनाओं को व्यक्त करने के लिए किया जाता है। स्पिरिचुअल आर्ट में अध्यात्म और भक्ति से जुड़ी हुई पेंटिंग्स बनाई जाती हैं। कई बार कलाकार पूरी तरह से भक्ति और अध्यात्म में डूबकर ही इस तरह की पेंटिंग्स को पूरा कर पाते हैं। हर देश में वहां के कल्चर, अध्यात्म, आस्था और भगवान के अनुसार स्पिरिचुअल आर्ट्स बनाए जाते हैं।

संगीत भी कला का माध्यम है जो शांति, सुकून एवं आनन्द प्रदत्त कर सकता है। संगीत अमूर्त कला है पर उसमें निहित शांति, सौन्दर्य एवं संतुलन की अनुभूति विरल है। संगीत अशांति के अंधेरों में शांति का उजाला है। यह अंतर्मन की संवेदनाओं में स्वरों का ओज है। शादी में ढोलक-शहनाई, भजन-मंडली में ढोल-मंजीरा, शास्त्रीय संगीत में तानपूरा, तबला, सरोद, सारंगी का हम सब भरपूर आनंद उठाते हैं, ये कला के बेजोड़ नमूने है। भारत में संगीत का हजारों वर्षों का इतिहास है, शास्त्रीय संगीत आदि काल से है। संगीत के आदि स्रोत भगवान शंकर हैं। उनके डमरू से तथा श्रीकृष्ण की बांसुरी से संगीत के सुर निकले हैं। किंवदन्ति है कि संगीत की रचना ब्रह्माजी ने की थी। सूरदास की पदावली, तुलसीदास की चौपाई, मीरा के भजन, कबीर के दोहे, संत नामदेव की सिखानियाँ, संगीत सम्राट तानसेन, बैजु बाबरा, कवि रहीम, संत रैदास भक्ति संगीत एवं साहित्य विलक्षण उदाहरण हैं।

कठपुतली भी कला का ही एक नमूना है, लकड़ी अर्थात काष्ठ से इन पात्रों को निर्मित किये जाने के कारण अर्थात काष्ठ से बनी पुतली का नाम कठपुतली पड़ा। पुतली कला कई कलाओं का मिश्रण है, जिसमें-लेखन, नाट्य कला, चित्रकला, वेशभूषा, मूर्तिकला, काष्ठकला, वस्त्र-निर्माण कला, रूप-सज्जा, संगीत, नृत्य आदि। भारत में यह कला प्राचीन समय से प्रचलित है, जिसमें पहले अमर सिंह राठौड़, पृथ्वीराज, हीर-रांझा, लैला-मजनूं, शीरी-फरहाद की कथाएँ ही कठपुतली खेल में दिखाई जाती थीं। भारत में प्राचीन समय से नृत्य की समृद्ध परम्परा चली आ रही है। नृत्य के अनेक प्रकारों में कथकली प्रमुख है, मोहिनीअट्टम नृत्य भी केरल राज्य का है। मोहिनीअट्टम नृत्य कलाकार का भगवान के प्रति अपने प्यार व समर्पण को दशार्ता है। ओडिसी ओडिशा राज्य का प्रमुख नृत्य है। यह नृत्य भगवान कृष्ण के प्रति अपनी आराधना व प्रेम दशार्ने वाला है। कुचिपुड़ी नृत्य की उत्पत्ति आंध्रप्रदेश में हुई, इस नृत्य को भगवान मेला नटकम नाम से भी जाना जाता है। भारत के विभिन्न नृत्यकलाओं में निपुण अनेक नर्तकों एवं नृत्यांगनाओं ने पूरी दुनिया में भारतीय नृत्य कलाओं का नाम रोशन कर रहे हैं। जिनमें सोनल मानसिंह, यामिनी कृष्णामूर्ति, केलुचरण महापात्रा आदि चर्चित नाम है।

सब लोग किसी न किसी कला में उस्ताद जरूर होते हैं। जैसेकि लेखक, कवि, नाटककार, संगीतज्ञ, गीतकार, नृत्यकार आदि। आज के युवा बहुत-सी कलाओं को दुनिया के सामने ला रहे हैं, जो सबको अचंभे में डाल देती है। दुनिया भर की इन्हीं कलाओं को बढ़ावा देने और जो लोग कला का महत्व नहीं समझते, उन्हें कला के अलग-अलग रूपों से मिलवाने के लिए ही विश्व कला दिवस मनाया जाता है। लेकिन, जब हम कला दिवस की बात करते हैं तो यहां कला का अर्थ है पेंटिंग्स।

# मरीज को स्टाफ के भरोसे छोड़ जन्मदिन मनाने चले गए डाक्टर मृतका के पति ने लगाया आरोप

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद । मुरादाबाद में डॉक्टर की लापरवाही के चलते एक मरीज की जान चली गई परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी डॉक्टर और स्टाफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।




महिला को प्रसव पीडा. होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था ऑपरेशन से महिला के बच्चा पैदा हुआ दोनों की हालत ठीक ना होने की वजह से बच्चे को एसएनसीयू में रखा जबकि महिला को आईसीयू में भर्ती किया गया।

आरोप है कि इलाज के दौरान लापरवाही बरती गई जिससे महिला की मौत हो गई डॉक्टर महिला के ऑपरेशन के दौरान बेटे का जन्मदिन मनाने इलाहाबाद चले गए मरीज को स्टाफ के हवाले छोड़ दिया गया।

पुलिस ने पीड़िता के पति की तहरीर के आधार पर डॉक्टर और स्टाफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है फिलहाल डॉक्टर और स्टाफ फरार है।

दरअसल कटघर थाना पुलिस ने कटघर इलाके के हनुमान मूर्ति तिराहा स्थित हील वाइब हॉस्पिटल के डॉक्टर पीयूष कुमार और उसके स्टाफ के खिलाफ इलाज में लापरवाही कर महिला मरीज की हत्या करने की एफआईआर दर्ज की है।

बिजनौर स्योहारा निवासी वीरेंद्र सिंह ने अपनी पत्नी शिवानी को प्रसव पीड़ा होने पर 10 अप्रैल को सुबह करीब 8:30 बजे हील वाइब हॉस्पिटल में भर्ती कराया था डॉक्टर पीयूष कुमार ने रात 8:30 बजे शिवानी का ऑपरेशन किया ऑपरेशन के बाद शिवानी के बेटी पैदा हुई ऑपरेशन के बाद से ही शिवानी और नवजात बच्ची की हालत ठीक नहीं थी बच्ची को एसएनसीयू में रखा गया जबकि शिवानी का रक्त स्राव होने पर हालत बिगड़ती गई इसके बाद आईसीयू में भर्ती किया गया।

\वीरेंद्र ने आरोप लगाया कि डॉक्टर पीयूष कुमार और उनके स्टाफ ने उपचार में लापरवाही की, ना ही ठीक समय पर दवाई दीं है और ना ही जरूरत के मुताबिक खून चढ़ाया जिससे शिवानी की हालत बिगड़ती गई 12 अप्रैल को तड़के लगभग 3:00 बजे शिवानी ने अस्पताल में दम तोड़ दिया आरोप है कि डॉक्टर शिवानी के इलाज का जुम्मा हॉस्पिटल स्टाफ के भरोसे छोड़कर बेटे का जन्मदिन मनाने इलाहाबाद चले गए थे।

# नोएडा के स्पेक्ट्रम मेट्रो मॉल के द रोसिया पहुंची अभिनेत्री तनुश्री दत्ता

**-द रोसिया में एक्सक्लूसिव मीट एंड ग्रीट में हुई शामिल**




**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

नोएडा, – द रोसिया ने अपने ग्राहकों के लिए वेलनेस से जुड़े विभिन्न प्रोडक्ट्स को बाजार में लॉन्च कर दिया है।पूर्व फेमिना मिस इंडिया यूनिवर्स 2004, तनुश्री दत्ता ने सेक्टर 75 स्थित स्पेक्ट्रम मॉल के स्टोर पर पहुंच कर इन प्रोडक्ट्स को लॉन्च किया।

कार्यक्रम में मीडिया को संबोधित करते हुए सुश्री दत्ता ने कहा कि आज के तनाव भरे जीवन में स्वास्थ्य और त्वचा से जुड़ी समस्याओं के लिए द रोसिया के असाधारण प्रोडक्ट्स काफी मददगार साबित होगा।

कार्यक्रम के आयोजक अक्षय चौहान ने बताया कि नोएडा में ग्राहकों और मीडिया को तनुश्री दत्ता के साथ बातचीत करने और द रोसिया की पेशकशों को प्रदर्शित करने का एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज लोग हेल्थ और फिटनेस को लेकर काफी चिंतित रहते हैं। द रोसिया अपने ग्राहकों के लिए आगामी दिनों में भी कई अन्य प्रोडक्ट्स को भी लॉन्च करेगा।

# बाबा साहब की प्रतिमा के अनावरण पर जिला प्रशासन की लगी रोक

**प्रशासन ने सभी पर नजर तय रखने हेतु प्रतिमा स्थल के समीप लगाया सीसीटीवी कैमरा**

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

गोड्डा : बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर जिला मुख्यालय अंतर्गत पुराने समाहरणालय के समीप फुटपाथ पर नवनिर्मित बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर प्रतिमा का अनावरण होना था लेकिन कल देर शाम जिला प्रशासन की एक चिट्ठी ने पूरे जिले में हलचल मचा दी। इस चिट्ठी में बाबा साहब की प्रतिमा के अनावरण पर रोक लगा दी। सोमवार सुबह से ही प्रतिमा स्थापित होने वाले स्थल के आसपास धारा 144 लागू कर दी गई है। विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने प्रतिमा के आसपास बैरिकेडिंग कर पुलिस बल तैनात कर दिया है और आसपास की दुकानों को भी बंद करवा दिया है। ड्रोन से भी हालात का जायजा लिया जाता रहा, ताकि किसी प्रकार का कोई हंगामा न हो पाए।



गोड्डा के अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव ने जानकारी दी कि यह प्रतिमा सार्वजनिक जगह पर स्थापित की जा रही थी, जो सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार अवैध है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार किसी भी सार्वजनिक जगह पर किसी भी प्रकार की मूर्ति स्थापित नहीं की जा सकती है। इस वजह से इस पर रोक लगाई गई है। संबंधित निर्माण कार्य करने वाले व्यक्ति को नोटिस जारी कर इसका कारण पूछा गया है।

इस प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के रद्द होने से अब कई सवाल उठ रहे हैं। वहीं प्रशासन के इस कार्रवाई के बाद जिले में चर्चा का माहौल गर्म है। लोगों का कहना है कि प्रशासन की कार्रवाई तो सही है, लेकिन जब इस निर्माण कार्य की नींव रखी जा रही थी, तब प्रशासन ने कार्रवाई क्यों नहीं की? नगर परिषद द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद रोक लगाई गई है। इस निर्माण कार्य के शुरू होने से पहले जिला प्रशासन ने क्यों नहीं रोक लगाई। क्या यह किसी राजनीतिक दबाव में किया जा रहा है या फिर प्रशासन इतने दिनों से इस कार्य को नजरअंदाज कर रही थी।

# श्रीहनुमान जन्मोत्सव पर तुवन मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

## अखाड़ों के समूहों में युवाओं ने मोहा मन, जगह-जगह हुआ प्रसाद वितरण

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

ललितपुर। श्रीहनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर जनपद में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। नगर के प्रसिद्ध तुवन मंदिर में रात से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर में भगवान हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया गया, जिसे देखने के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। मंदिर प्रशासन और पुलिस विभाग की ओर से की गई बेहतर व्यवस्था के चलते दर्शन शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न होते रहे। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, छायादार पंडाल और प्राथमिक चिकित्सा की भी व्यवस्था की गई थी।

मंदिर के प्रांगण में दोपहर से ही भंडारे का आयोजन शुरू हो गया था, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरा माहौल जय श्रीराम और बजरंगबली की जयकारों से गूंजता रहा। शाम के समय श्री रामलीला हनुमान जयन्ती महोत्सव समिति के तत्वावधान में एक विशाल शोभा यात्रा का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न मंदिरों से भगवान के स्वरूपों की झाकियों सहित बजरंगबली के विशाल ठ मध्यम कट आउट की झाकियों के साथ ही नगर के विभिन्न अखाड़ों द्वारा एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस इस शोभायात्रा में अखाड़ों के पहलवानों ने परंपरागत ढंग से लाठी, तलवार, भाला, फरसा, बनैती, बल्लम, मुगदर जैसे अश्त्रो सहित व्यायाम कौशल का प्रदर्शन किया। शोभायात्रा में सजीव झांकियां, बैंड-बाजे और ध्वज पताकाओं ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर जलूस का स्वागत किया। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन, मंदिर समिति और स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही। कुल मिलाकर, हनुमान जयंती का यह आयोजन नगरवासियों के लिए आस्था, परंपरा और उत्सव का अनोखा संगम साबित हुआ।

# युवा संघ ने चलाया रेलवे स्टेशन पर जल सेवा अभियान

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर



ललितपुर । गर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया बढ़ता तापमान लोगों का पसीना निकाल रहा है गर्मी के मौसम में सबसे ज्यादा पानी की आवश्यकता होती है खासतौर पर गर्मी के मौसम में रेल सफर में ठंडे पानी की आवश्यकता सबसे ज्यादा महसूस होती है ।लोगों को ठंडा पेयजल मिल सके इसके लिए युवा संघ ने ललितपुर रेल्वे स्टेशन पर यात्रियों को जल सेवा दी ।करीब 150 युवाओं की टीम ने हर कोच में जाकर यात्रियों को ठंडा पेयजल वितरण किया।उनकी इस मुहिम से यात्रियों को बडी राहत महसूस हुई । ललितपुर रेल्वे स्टेशन पर ट्रेनों का दो मिनट का ठहराव होता है जिस कारण यात्री स्टेशन पर लगे प्याऊ से पानी नहीं भर पाते ऐसे में युवाओं द्वारा जलसेवा से यात्रियों को ठंडा पानी उपलब्ध हो सका ।युवा संघ सामाजिक कार्यों में अपनी भागीदारी निभा रहा है । उन्होंने रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।युवा संघ ने संदेश दिया है कि गर्मी में छांव सा अहसास बने,हर मुसाफिर की राहत की आस बने ।युवा संघ का प्यारा प्रयास ,दूर करें प्यास ,लाए दिलों में विश्वास।

# भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लें युवा- डॉ भूपेश द्विवेदी





चित्रकूट ब्यूरोः संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती सोमवार को धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म एक छोटे परिवार में हुआ था। उस समय शिक्षा का अभाव था, लेकिन उन्होंने शिक्षा प्राप्त कर समाज को सशक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी विद्वता को देखते हुए उन्हें भारत का संविधान बनाने की जिम्मेदारी दी गई थी। जिन लोगों को समाज में अधिकार नहीं मिला था, उन लोगों को उन्होंने संविधान में अधिकार दिलाया। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि सामाजिक न्याय व अवधारणा के तहत सभी लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ व समान अवसर देने का कार्य करें। यही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर एक महान प्रतिभा थी। इतने बडे लोकतांत्रिक देश को चलाने के लिए उन्होंने संविधान बनाया। ऐसी महान शख्सियत को हम नमन करते हैं। हम सबको उनके बताए हुए मार्गो पर ही चलना चाहिए।

अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बताए हुए मार्गों पर चलकर आम जनमानस को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करें। यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा को महत्व दिया है व्यवहार के बाद उन्होंने परिस्थितियों को भी ठीक करने में अपनी जी-जान लगा दी थी। उन्होंने केवल दलित समाज के लिए ही काम नहीं किया, बल्कि उन्होंने हर वंचित लोगों के लिए कार्य किया है। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, उपजिलाधिकारी राकेश पाठक, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा, आयुक्त सहायक मनोज कुमार मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। पुलिस अधीक्षक ने बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन एवं उनके कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को सम्बोधित किया। इस मौके पर अपर पुलस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

राजकीय संप्रेषण गृह किशोर कर्वी में भी डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। सहायक अधीक्षक वीर सिंह ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने समस्त संवासियों को डॉ भीमराव अंबेडकर के योगदान के बारे में बताया और उनके बताए हुए दिशा-निर्देशों एवं मार्गों पर चलने के लिए प्रेरित किया।

इसी प्रकार भारतीय जनता पार्टी द्वारा भी जनपद के 11 मंडलो के सभी 851 बूथो पर संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती मनायी गयी। भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने खोह में आयोजित किए गए कार्यक्रम में बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के बनाये संविधान से आज देश चल रहा है। बाबा साहब ने समाज के शोषित व वंचितो को समाज में बराबरी का सम्मान दिलाने का काम किया है। इस मौके पर पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन पंकज अग्रवाल, तीरथ तिवारी, अश्वनी अवस्थी, राजेश जायसवाल, अंजू वर्मा, दिव्या त्रिपाठी, महेन्द्र कोटार्य, बृजेश पाण्डेय, संजय पाण्डेय, कैलाश रलिहा, अभिषेक ओझा, राखी चैबे, रवि गुप्ता, सुरेश अनुरागी, बृजेन्द्र शुक्ला, भवानी जोशी आदि मौजूद रहे।

बहुजन समाज पार्टी द्वारा भी पुरानी कोतवाली मैदान बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू वर्मा ने बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने का सभी को संकल्प दिलाया। इस मौके पर शिव अवतार त्रिपाठी, उमाकांत त्रिपाठी, प्रमोद कुमार वर्मा, जमुना प्रसाद पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्र वर्मा, रामविशाल वर्मा, सोनपाल वर्मा, रविंद्र कुमार वर्मा, राजा सोनकर, राजेश रैकवार, नगर अध्यक्ष श्यामलाल, गया प्रसाद सविता, फूल कुमार वर्मा, हनुमान प्रताप, शिवराज, जीवन, वरुण कुमार वर्मा, लाल सिंह, जगत सिंह पटेल, जगदीश यादव, सहदेव कुशवाहा, रामभजन वर्मा, संतोष कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

भारतीय बौद्ध महासभा के अंतर्गत डॉ बी आर अम्बेडकर जयंती समिति द्वारा भी डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान शाखा के पदाधिकारियों द्वारा शोभायात्रा भी निकाली गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ज्ञानचंद बौद्ध ने उपस्थित लोगों को समाज में फैली कुरीतियों को त्याग कर भगवान बुद्ध के सिद्धांतों का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही डॉ अंबेडकर के विचारों पर अमल करने के लिए भी प्रेरित किया गया। कहा कि डॉ अम्बेडकर द्वारा लिखित संविधान को हर घर में होना चाहिए और सभी लोगों को संविधान पढ़ना चाहिए। इस दौरान डॉ अंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में प्रदेश एवं जनपद में स्थान प्राप्त छात्रों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें साथ ही मार्च 2025 में सेवानिवृत हुए शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर इं. गुरु प्रसाद, दिनेश कुमार, मतगंजन प्रसाद, इं. गिरीश माहौर, इं. जयप्रकाश, इं. सर्वजीत कुमार, दिनेश कुमार सनेही, पूर्व शिक्षक माता प्रसाद, सुंदरलाल, शिव प्रसाद, भैयालाल, जाहर सिंह, अभिषेक कुमार, गणेश शंकर, शंकर दीन, कमलेश कुमार, कपिल गौतम, रामलखन, विजय कुमार, चंद्रप्रकाश वर्मा, रेवती, विमल कुमार बौद्ध, प्रेमलता, गीता वर्मा, नगीना कुमारी, डॉ सुदामा प्रसाद, दीपक कुमार, संघमित्रा, रोहित, रितिक, शिवनारायन वर्मा, अजय कुमार त्यागी, सुरेश चंद्र, विनोद कुमार, वर्षा, विश्वदीप, सुमन आदि मौजूद रहे।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद कहा कि भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प सभी युवाओं को लेना चाहिए।

# दिवंगत शिक्षक के परिजनों को मिलेगी 50 लाख रुपये की सहयोग राशि

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर महरौनी टीचर सेल्फ केयर टीम उत्तर प्रदेश के संस्थापक/प्रदेश अध्यक्ष श्री विवेकानंद जी के निर्देश पर जिला टीम के संयोजक आदर्श रावत के नेतृत्व में पिछले वर्ष माह अगस्त 2024 में दिवंगत हुए अनुदेशक साथी स्वङ्क सुनील कुमार सिंह उङ्कप्राङ्कविङ्क ब्लॉक-बार के परिजनों को मदद के लिए स्थलीय निरीक्षण हेतु जिला टीम उनके निवास पर पहुंची, अनुदेशक सुनील कुमार सिंह का देहांत 14 अगस्त 2024 को हृदय गति रुकने के कारण हो गया था,जिला टीम सम्बन्धित के निवास पर उनके परिवार से मिली।

टीचर्स सेल्फ केयर टीम उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक व मदरसा के शिक्षकों की संस्था जो दिवंगत शिक्षकों के परिवार को आर्थिक मदद प्रदान करती है एवं अब तक यह संस्था 296 दिवंगत शिक्षकों के परिवार को लगभग 120 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान कर चुकी है ळरउळ की जिला टीम स्वङ्क सुनील कुमार सिंह की पत्नी रेखा देवी व दो पुत्री एवं एक पुत्र एवं समस्त परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की।

स्वङ्क शिक्षक के नॉमिनी पत्नी रेखा देवी से सहयोग के लिए बैंक पासबुक,मृत्यु प्रमाण पत्र,आधार कार्ड एवं अन्य जरूरी प्रपत्र प्राप्त किए। गौरतलब है कि ळरउळ एक ऐसी संस्था है जो अध्यापकों के द्वारा चलाया जा रहा एक ऐसा समूह है जिसमें जुड़ने वाले किसी भी दिवंगत शिक्षक के परिवार को इस जुड़े प्रदेशभर के लगभग 3.5लाख सदस्यों द्वारा प्रत्येक नॉमिनी को 16 रुपये(प्रतिपरिवार) की राशि पूल सिस्टम के माध्यम से कुल 20 परिवारों को कुल 320 रुपये से सहयोग करता है।

रेखा देवी के खाते में इन सदस्यों द्वारा 15 तारीख से सहयोग किया जाएगा जिससे लगभग 50 से 52 लाख रुपये की आर्थिक मदद प्राप्त होगी। इस स्थलीय निरीक्षण में जिला संयोजक आदर्श रावत, जिला प्रवक्ता नवनीत प्रकाश जिला क्ळ सेल प्रभारी धीरज साहू जिला सहसंयोजक- हृदेश गोस्वामी,अरविंद चौहान, हरीराम साहू,रविन्द्र कुमार गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल महेंद्र निरंजन,तपेश चौरसिया, प्रेमनारायण पटेल,शैलेश जैन उपस्थित रहे।

## 16 को महिला जनसुनवाई

चित्रकूटः उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने की दृष्टि से आगामी 16 अप्रैल को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा द्वारा राजकीय गेस्ट हाउस कर्वी में महिला जनसुनवाई की जाएगी। जिसमें वह महिलाओं की समस्याओं को सुनेंगी। इसके साथ ही वह जनपद के बालिका/महिला केन्द्रों व आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण करेंगी।

## डीएम ने दिए क्षति आंकलन करने के निर्देश

चित्रकूटः अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम ने बताया कि बीती विगत दिनों जनपद में हुई जोरदार आंधी व वर्षा को संज्ञान लेते हुये जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सभी उपजिलाधिकारियों को अपने तहसीलो क्षत्रों में हुई क्षति का आंकलन कराते हुए नियमानुसार राहत की कार्यवाही कराने के लिए निर्देशित किया है। साथ ही जिला कृषि अधिकारी को भी फसल क्षति का आंकलन कर नियमानुसार कृषि निवेश अनुदान की कार्यवाही ससमय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

# इस्लामिक युग के दौरान हिंदुओं पर उत्पीड़न का जवाब देना.

## अंतरात्मा और धर्म की आजादी के लिए आदेश देना.

खालसा पंथ की स्थापना गुरु गोबिन्द सिंह जी ने 13अप्रैल सन 1699, बैसाखी वाले दिन आनंदपुर साहिब में की इस अवसर पर अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा,मंत्री मनजीत सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष परमजीत सिंह छतवाल, चरणजीत सिंह, जगजीत सिंह, सतवंत सिंह भोगल, सतनाम सिंह भाटिया,अनिल वर्मा,अशोक स्वर्णकार,राजू सिंधी, मनिंदर सिंह मंगे,जसपाल सिंह पप्पू,गुरमुख सिंह,अवतार सिंह, वीरेंद्र सिंह बीके, मनजीत सिंह परमार, आनंद सिंह, सतनाम सिंह देलवारा, मेजर सिंह परमार, हरजीत सिंह ,डॉक्टर जेएस बक्शी, सुरजीत सिंह बैंक, जगजीत सिंह परमार, गौरव सिंह, सत्येंद्र सिसोदिया, नितिन श्रीवास्तव एडवोकेट, हरकीरत सिंह, सुरेंद्र सिंह पप्पू, पूरन सिंधी, आदि उपस्थित थे संचालन महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा ने कियाहर्षोल्लास के साथ मनाया गया बैसाखी पर्व*

ललितपुर,श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में खालसा पंथ स्थापना दिवस बैसाखी पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया इस अवसर पर सुबह श्री साप्ताहिक पाठ जी का समापन हुआ उपरांत निशान साहिब जी के चोले की सेवा व लंगर की सेवा व 5 दिवसीय नितनेम साहिब जी के पाठ की सेवा सरदार पलविंदर सिंह परमार परिवार द्वारा हुई गुरुनानक धर्मशाला पर निशान साहिब के चोले की सेवा राजू सिंधी परिवार द्वारा हुई इस अवसर पर हजूर साहब नांदेड से पधारे ज्ञानी गुरबचन सिंह जी के जत्थे का अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा परसन सिंह परमार,वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा, मंत्री मनजीत सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष परमजीत सिंह छतवाल, व मुख्य ग्रंथी जसबीर सिंह, का मंत्री चरणजीत सिंह ने सरोपा भेट कर सम्मान किया इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चे रूबी कौर, कर्मन सिंह, हरजस कौर,अक्षय तिवारी, ने भी अपनी प्रस्तुति दी व इन सभी का सम्मान वीरेंद्र सिंह वीके सतवंत सिंह भोगल,व श्रीमती बिंदु कालरा ने किया हजूर साहिब नांदेड़ से पधारे ज्ञानी गुरबचन सिंह ने कहा कि खालसा पंथ की स्थापना 30 मार्च, 1699 को बैसाखी के दिन हुई थी. इसे सिख धर्म के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह ने स्थापित किया था. खालसा पंथ की स्थापना

इस दिन गुरु गोबिंद सिंह ने सबसे पहले पांच प्यारों को अमृत पान करवाया था.

इसके बाद, उन्होंने उन पांच प्यारों के हाथों से खुद भी अमृत पान किया था.

इस दिन खालसा पंथ के नाम के पीछे 'सिंह' लग गया था.

गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ को 'अकाल पुरख की फौज' कहा था.

उन्होंने खालसा पंथ के पांच प्रतीकों को भी परिभाषित किया था. ये प्रतीक थे - केश, कंघा, कड़ा, कछेरा, और कृपाण.

खालसा पंथ की स्थापना का मकसद सिखों को यह सिखाना कि कोई भी अनुष्ठान या अंधविश्वास सर्वशक्तिमान से ऊपर नहीं है.

इस्लामिक युग के दौरान हिंदुओं पर उत्पीड़न का जवाब देना.

अंतरात्मा और धर्म की आजादी के लिए आदेश देना.

खालसा पंथ की स्थापना गुरु गोबिन्द सिंह जी ने 13अप्रैल सन 1699, बैसाखी वाले दिन आनंदपुर साहिब में की इस अवसर पर अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा,मंत्री मनजीत सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष परमजीत सिंह छतवाल, चरणजीत सिंह, जगजीत सिंह, सतवंत सिंह भोगल, सतनाम सिंह भाटिया,अनिल वर्मा,अशोक स्वर्णकार,राजू सिंधी, मनिंदर सिंह मंगे,जसपाल सिंह पप्पू,गुरमुख सिंह,अवतार सिंह, वीरेंद्र सिंह बीके, मनजीत सिंह परमार, आनंद सिंह, सतनाम सिंह देलवारा, मेजर सिंह परमार, हरजीत सिंह ,डॉक्टर जेएस बक्शी, सुरजीत सिंह बैंक, जगजीत सिंह परमार, गौरव सिंह, सत्येंद्र सिसोदिया, नितिन श्रीवास्तव एडवोकेट, हरकीरत सिंह, सुरेंद्र सिंह पप्पू, पूरन सिंधी, आदि उपस्थित थे संचालन महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा ने किया

# वर्षो से जर्जर हालत में है पानी की टंकी, बड़े हादसे का इंतजार

## गर्मी की शुरूआत में हैंडपंपों पर लगने लगी कतारे

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर बार - गर्मी का मौसम शुरू होते ही ग्रामीण क्षेत्रो में लोगों के लिये पानी की किल्लत शुरू हो गई है। पानी जुटाने के लिए बुजुर्ग और बच्चों तक को दूर-दूर तक भटकना पड़ रहा है।जलस्रोतों के आसपास लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो गई हैं।

ब्लॉक तालबेहट की ग्राम पंचायत धनगौल में लोगों के पास पानी का एकमात्र सहारा हैंडपंप हैं। लोगों का कहना है कि 2001 तक कस्बा बार के संस्थान द्वारा धनगौल में पानी की आपूर्ति होती थी लेकिन इसके बाद लोग हैंडपंप के सहारे ही पानी पर निर्भर हैं, गर्मियों में जल स्तर घटने से हैंडपंप हांफने लगे है कुछ हैंड पंप साथ छोड़ चुके हैं। और बचे खुचे हैंडपंप से पानी निकल रहा है तो वहां लोगों को पानी के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। दिसंबर 2023 में गांव में हर घर नल जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाई गई थी, लोगों को नल के कनेक्शन भी दे दिये गए लेकिन एक साल से अधिक समय



बीतने के बाद भी लोगों को पानी की आपूर्ति नहीं हो सकी।

**जर्जर टंकी को ग्रामीणों ने की ध्वस्त करने की मांग**

विकासखंड तालबेहट के धनगौल गांव में लोगों को पानी के लिए सिर्फ हैंडपंप ही सहारा हैं। गांव में पहले कस्बा बार स्थित जल संस्थान द्वारा धनगौल में बनी टंकी में पानी जाता था, उसी टंकी से गांव में पानी की आपूर्ति होती थी। लेकिन विभागीय कर्मचारियों द्वारा पाइपलाइन की देखरेख न करने से पाइप लाइन जर्जर हो गई और धीरे-धीरे गांव में पानी की आपूर्ति बंद हो गई। ग्रामीण का कहना है कि पिछले करीब चौबीस वर्षों से लोगों को पानी के लिए सिर्फ हैंडपंपों का सहारा है। वहीं गांव में बनी पानी की टंकी जर्जर हालत में खड़ी है जिससे लोगों को अनहोनी की आशंका भी बनी रहती है। लोग काफी समय से आबादी में जर्जर हालत में खड़ी पानी की टंकी को ध्वस्त कराने की मांग करते आए हैं लेकिन विभाग चेत नहीं रहा है। ग्रामीणों ने टंकी ध्वस्त कराने की मांग की है।

# अमर शहीद संत कंवर राम साहिब का 140 वां जन्मोत्सव हर्षोउल्लास के साथ मनाया

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

खैरथल-झूलेलाल मंदिर में सिंधी समाज एवं वार्ड नं 23 में स्थित श्रीमती जसोदा बाई पुरुषार्थी भवन संत कंवर राम मंदिर में रविवार रात्रि को संत कंवराराम धर्मार्थ ट्रस्ट की ओर से संत कंवरराम साहिब का 140 वां जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सिंधी समाज के प्रमुख सेवादार राजकुमार आसीजा ने बताया कि अमर शहीद संत कंवर राम साहिब के 140 वें जन्मोत्सव के अवसर पर झूलेलाल मंदिर में सिन्धी समाज की ओर से झूलेलाल मंदिर के संरक्षक बाबा शीतलदास लालवानी के सानिध्य में समाजसेवी लालचंद रोघा, संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा, मुखी अशोक महलवानी,भारतीय सिंधु सभा प्रदेश



मंत्री गिरधारीलाल ज्ञानानी, स्वामी ध्यानगिरी सेवासमिति अध्यक्ष गोविंद रोघा,अध्यक्ष नत्थूमल रामनानी,सचिव विजय बच्चानी, नामदेव रामानी, यशपाल किशनानी, वाईस चेयरमैन खेमचंद रोघा, हुकुमत राय किशनानी, नरेश मदान, कारा चंदानी, गोपाल रामानी ने रात्रि 8 बजे झुलेलाल मंदिर में संत कंवराराम साहिब का 140 वां जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सिंधी समाज के बच्चों ने विशेष प्रस्तुतियां दी। इस दौरान विशाल आम भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रदेश मंत्री राजकुमार दादवानी ने किया।

इससे पूर्व वार्ड नं 23 में स्थित श्रीमती जसोदा बाई पुरुषार्थी भवन संत कंवर राम मंदिर में भी संत कंवराराम धर्मार्थ ट्रस्ट की ओर से भी अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान संतो को मूर्ति स्नान कराकर नए वस्त्र धारण कराने के पश्चात आरती कर भोग लगाया गया उसके बाद साय 7 बजे संत कंवराराम धर्मार्थ ट्रस्ट अध्यक्ष विनोद वलेचा, प्रताप कटहरा, भगवान दास दादवानी,डॉ. सतीश रामानी, सुनील रामेजा,प्रकाश राजपालानी,कन्नू कंधारी योगेश रामानी, नंद रामानी ने केक काटकर संत कंवर राम साहिब का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान महिलाओं द्वारा सत्संग की प्रस्तुति दी गई

# महिला ब्राह्मण समाज की अध्यक्ष बनी मीना शर्मा,कविता शर्मा, ममता शर्मा को उपाध्यक्ष का पदभार, पूजा शर्मा सचिव

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

खैरथलः खैरथल के परशुराम भवन में हुई बैठक मे सर्व सहमति से मीना शर्मा को महिला ब्राह्मण समाज खैरथल का अध्यक्ष चुना गया अध्यक्ष मीना शर्मा ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कविता शर्मा और ममता शर्मा को उपाध्यक्ष का प्रभार सौपा.सचिव पद पर को नियुक्त किया गया समाज के महिला इकाई का यह चुनाव अध्यक्ष रामसिंह,उपाध्यक्ष वेदप्रकाश कौशिक, प्रेमकौशिक,शिक्षा विद् शारदा अवस्थी के मार्गदर्शन में हुआ।

नई कार्यकारिणी में संरक्षक का दायित्व शारदा अवस्थी सम्भालेंगी



नवनियुक्त उपाध्यक्ष ममता शर्मा ने बताया संगठन का विस्तार किया जाएगा खैरथल के आसपास के क्षेत्रों की ब्राहमण महिलाओ को भी जोड़ा जाएगा संगठन धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करेगा और महिलाओं के स्वालम्बन के लिए कार्य करेगा

नई कार्यकारिणी को ब्राहमण संगठनो ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है इस मौके पर मंजू कौशिक, रेखा शर्मा, पिस्ता देवी, नीलम, पायल,सुनीता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही

# महिला अपमान पर गरमाई सियासत, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के 'एक्सपोर्ट क्वालिटी' बयान पर भड़की महिला कांग्रेस

जयपुर। राजस्थान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के महिला नेत्री पर 'एक्सपोर्ट क्वालिटी' वाले विवादित बयान पर महिला कांग्रेस में काफी नाराजगी है। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यह टिप्पणी न केवल एक महिला के अपमान का विषय है, बल्कि यह भाजपा की संकीर्ण मानसिकता को जगजाहिर करती है।

राजस्थान में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के विवादित बयान, जिसमें उन्होंने एक महिला नेत्री को ह्यएक्सपोर्ट क्वालिटीह्न कहा था। इस बयान ने राजस्थान में सियासत को गर्मा दिया है। बयान को लेकर कांग्रेस और विशेष रूप से महिला कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। महिला नेताओं ने इसे भाजपा की महिला विरोधी मानसिकता का प्रतीक बताया। उन्होंने सार्वजनिक रूप से माफी की मांग की है, वहीं भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से भी तत्काल हस्तक्षेप की अपील की है।

राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सारिका सिंह ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह टिप्पणी न केवल एक महिला के अपमान का विषय है, बल्कि यह दशार्ता है कि भाजपा की मानसिकता महिलाओं को लेकर कितनी संकीर्ण और अपमानजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने 'महिला बचाओ', 'महिला आरक्षण' और 'तीन तलाक' जैसे मुद्दों को केवल राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया, जबकि वास्तविकता में पार्टी के नेता महिलाओं को अपमानित करने का कोई भी अवसर नहीं छोड़ते।

उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के बयान यह साबित करते हैं कि भाजपा में शीर्ष पदों पर बैठे लोगों की सोच में महिलाओं के लिए सम्मान का कोई स्थान नहीं है। सारिका सिंह ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से तत्काल संज्ञान लेकर बयान देने वाले प्रदेशाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही राठौड़ से सार्वजनिक माफी की भी अपेक्षा जताई।

# बाबा साहेब डां भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती

## जिले के खैरथल,तिजारा,किशनगढ़ बास,मुण्डावर कोटकासिम में हर्षोल्लास से मनाई गई

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

खैरथल : खैरथल - तिजारा जिले मे बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाई गई इस अवसर पर निकाली गई रैलियों में हजारों लोगो की मौजूदगी रही जाटव समाज संस्थान खैरथल की ओर से हरसौली रोड स्थित आंबेडकर भवन एवं आसपास के परिसर में सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के तहत प्रातः11:30 बजे भव्य शोभायात्रा विभिन्न झाकियों के साथ अंबेडकर सर्किल से रवाना होकर पुरानी अनाज मंडी, मातौर रोड, रेलवे फाटक, हेमु कालानी चौक,40 फुटा रोड से होती हुई शोभायात्रा हरसोली रोड स्थित जाटव धर्मशाला पहुंची। शोभायात्रा का किशनगढ़ बास रोड स्थित झूलेलाल मंदिर पर पूज्य सिंधी पंचायत,भारतीय सिंधु सभा एवं संत कंवराराम धर्मार्थ ट्रस्ट सहित अनेक सामाजिक, व्यापारिक एवं राजनैतिक संगठनों की ओर से



शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर एवं प्रसाद वितरित कर स्वागत किया।

इस दौरान अनेक स्थानों पर मीठे पानी की छबील लगाई गई। इस मौके पर जय भीम, बाबा साहब अमर रहे सहित अनेक नारों से खैरथल शहर गुंजायमान रहा। इससे पूर्व खैरथल एवं किशनगढ़बास में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, विधायक दीपचंद खेरिया, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर,पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव, समाजसेविका सिमरत कौर, सभापति हरीश रोघा, उप सभापति वरुण डाटा, प्रधान बीपी सुमन,संयुक्त व्यापार महासंघ ओमप्रकाश रोघा, कांग्रेस नेता गिरीश डाटा,भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा सहित भाजपा, आरएसएस, विहिप,कांग्रेस के सैकड़ों पदाधिकारीयो ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए तथा सभी को बाबा साहब अंबेडकर की जयंती की शुभकामनाएं दी। खैरथल में दोपहर 2 बजे आयोजित सम्मान एवं सांस्कृतिक समारोह में छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। समारोह के दौरान समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जाटव समाज संस्थान खैरथल अध्यक्ष रामबाबू जाटव ने संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर ने देश को ऐसा संविधान दिया है जो देश ही नहीं दुनिया ऐतिहासिक है और सबसे मजबूत संविधान है।

दौरान खैरथल थाना प्रभारी राकेश कुमार मीणा के नेतृत्व में पुलिस व्यवस्था भी चाक चौबंद रही। कार्यक्रम के दौरान रामचंद्र जाटव, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र रसगोन,रामोतार जाटव, रवि रसगोन, मोतीलाल वर्मा, श्यामलाल मेघवाल, बाबूलाल मीणा, सुरेश बाबू वाल्मीकि, वीर सिंह धानका, संतराम, रघुवीर सिंह, किशनलाल, लालाराम,गिराजप्रसाद आदि ने व्यवस्थाओं को बनाये रखा। जिले मे तिजारा, किशनगढ़ बास,मुण्डावर, कोटकासिम मे भी धूमधाम से बाबासाहेब की जयंती मनाने के समाचार है

# कांग्रेस पदाधिकारियों को डोटासरा की चेतावनी; गाड़ी पर नेमप्लेट से काम नहीं चलेगा, ऐसा करने पर जाएगा पद

जयपुर । कांग्रेस की बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कांग्रेस कार्यकताओं को खरी-खरी सुना दी। उन्होंने कहा कि गाड़ी पर नेमप्लेट लगाने से काम नहीं चलेगा, जो पदाधिकारी लगातार तीन महीने तक बिना कारण बताए बैठक में नहीं आएंगे, वे स्वतः ही पदमुक्त हो जाएंगे।

राजस्थान कांग्रेस के संगठनात्मक कार्यक्रमों और बैठकों से गैर मौजूद रहने वाले पदाधिकारियों को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिहं डोटासरा ने चेतावनी दे दी है। उन्होंने कहा कि जो पदाधिकारी लगातार तीन महीने तक बिना कारण बताए बैठकों में नहीं आएंगे, वे स्वतः ही पदमुक्त हो जाएंगे। सोमवार को पीसीसी में आयोजित संगोष्ठी में डोटासरा ने यह बात कही। उन्होंने कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकताओं से कहा कि आप लोगों को किस बात का डर है जो आप संघ और बीजेपी के खिलाफ नहीं बोलते हो। डोटासरा बोले कि सिर्फ नेमप्लेट लगाने से काम नहीं चलेगा। पदाधिकारी गाड़ी के आगे नेमप्लेट लगाकर आधा घंटे की बैठक करके चले जाएंगे तो काम नहीं चलने वाला। उन्होंने कहा कि एक माह तक गांव, ढाणी और कस्बों में संविधान रक्षा का अभियान चलेगा। इसमें सभी को भाग लेना होगा।

डोटासरा ने आगे कहा कि अगर हमने संविधान बचाने का काम नहीं किया तो इतिहास हमें कभी माफ नहीं करेगा। डोटासरा ने पदाधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जिला, प्रदेश और ब्लॉक स्तर पर लगातार बैठकों का दौर चल रहा है, जो पदाधिकारी तीन महीने तक बिना बताए बैठकों में नहीं आएगा वह स्वतः ही पद मुक्त समझा जाएगा। उनकी जगह समर्पित कार्यकताओं को मौका दिया जाएगा। डोटासरा ने कहा कि कार्यकताओं के साथ गलत हुआ तो सरकार की ईंट से ईंट बजा देंगे। अगर किसी ने अपराध किया है चाहे वो हमारी पार्टी का ही क्यों न हो, उसे गिरफ्तार कीजिए। लेकिन राजनीतिक दुर्भावना से किसी को परेशान किया तो हम कार्यकर्ता के साथ खड़े रहेंगे।

# मकरेड़ा में हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी डॉ० भीमराव की 134 वीं जयंती

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो

मुरादनगर। गाजियाबाद के मकरेड़ा ग्राम पंचायत में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता यज्ञपाल वर्मा ने की ।सर्व प्रथम डॉ० भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद मुख्य अथिति ब्लॉक प्रमुख राहुल चौधरी उर्फ डैनी एवं जयपाल कसाना द्वारा दीपक प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।कार्यक्रम का कुशल संचालन ग्राम प्रधान कृष्ण देव आर्य ने किया ।इस पावन पर्व पर ग्राम पंचायत मकरेड़ा में वर्ष 2024- 25 की बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल में कशिश नागर पुत्री योगेन्द्र सिंह को 81.33%प्रथम,भूमि खारी पुत्री अनिल कुमार को 80.16%द्वितीय एवं इंटर की परीक्षा में अर्पित कुमार पुत्र कृष्ण कुमार को 86.3% प्रथम ,नेहा खारी पुत्री संजय को 83.8%द्वितीय पुरस्कार से वर्ष 2024-25 में सरकारी नौकरी में चयन होने वाले विदेश खारी पुत्र सलेक भईया



उ०प्र ०पुलिस,विधि शर्मा पुत्री दिनेश कुमार उ ०प्र ०पुलिस को, ब्लॉक रजापुर में विकास कार्य हेतु ब्लॉक प्रमुख राहुल चौधरी, ग्राम पंचायत सदस्य राजसिंह शर्मा ,सामाजिक कार्यकर्ता जयपाल सिंह कसाना को प्रतीक चिन्ह देकर ग्राम पंचायत द्वारा सम्मानित किया गया। ब्लॉक प्रमुख राहुल चौधरी ने बाबासाहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए लोगो से अपील की जब तक हम अपने बच्चों को अच्छे संस्कार एवं अच्छी शिक्षा नहीं देंगे तब तक संविधान के मुख्य शिल्पकार ,सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन में अहम भूमिका निभाने वाले महान समाज सुधारक डॉ ०भीमराव अंबेडकर के सपनो का भारत नहीं बना सकते ।दक्ष नागर,बृजपाल सिंह केके त्यागी,बीर सिंह आर्य, सलेक भईया ,राजेंद्र खारी आदि वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बाबा साहब के दिए गये नारे ३शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो को जीवन में साक्षात करने का लोगो से आह्वान किया ।इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव अंकित कुमार ,फिरे खारी, रूपचंद,ओमवीर , प्रेमचन्द,रणधीर, पासे, जिले,जितेंद्र,छत्रपाल ,रविन्द्र ,पप्पन, केशवीर ,सुनील, राजसिंह जाटव,मुकेश , मनीष,बृजपाल,लीले, प्रमोद, रतन सिंह,महिपाल ,सतीश ,वीरेंद्र , हरवीर, कमला रानी, सतबीर, राकेश, मीना, गुड्डी, पूजा, लीला ,शीला ,पवनवीर,आदि सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# लौंगाय में बाबा साहब की जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

पथरगामा (गोड्डा) पथरगामा प्रखंड के लौंगाय गांव में सोमवार को संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर पथरगामा पश्चिम के पूर्व जिला परिषद सदस्य सह समाजसेवी सियाराम भगत सहित अनेक ग्रामीणों ने बाबा साहब को नमन किया। शोभायात्रा को सियाराम भगत ने झंडा दिखाकर रवाना किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बाबा अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला और कहा कि आज जो हमें संविधान के माध्यम से अधिकार और आवाज मिली है, वह अंबेडकर साहब की ही देन है। उन्होंने सभी से अपील की कि बाबा साहब के विचारों और आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें। शोभायात्रा गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# आंबेडकर संघ व राजनैतिक दलों ने धूमधाम से मनाई अंबेडकर जयंती

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो

मुरादाबाद। मुरादाबाद के थाना सिविल लाइंस स्थित आंबेडकर पार्क में अखिल भारतीय आंबेडकर युवक संघ के तत्वावधान में 135 वॉ जन्मदिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान केक काटा गया और दलित समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वक्ताओं ने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के जीवन और उनकी शिक्षा पर रोशनी डाली। यहां सांसद रुचि वीरा ने अपनी सांसद निधि से एक कामन रूम और बाबासाहेब की प्रतिमा तक जाने वाली सीढ़ियों को दुरुस्त करने की बात कही। रुचि वीरा ने कहा देश में संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। वक्फ कानून पर रुचि वीरा ने कहा कि इस तरह के फेरबदल से एक विशेष समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं और भविष्य में इसके दुष्परिणाम आ सकते हैं। उन्होंने कहा कांग्रेस और समाजवादी पार्टी संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। कार्यक्रम में पहुंचे आमजनों और मुख्य अतिथियों ने बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि दी।

### सपा दफ्तर पर भी आंबेडकर जयंती मनाई गई

मुरादाबाद में सोमवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के



साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयवीर यादव की अगुआई में सैकड़ों की संख्या में पार्टी पदाधिकारी, नेता, विधायक और सांसद मौजूद रहे। सभी ने गले में पट्टियां, हाथों में पोस्टर व बोर्ड लेकर जय भीम, जय समाजवाद, जय संविधान के नारों के साथ समारोह की शुरूआत की।

### जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह ने दी श्रद्धांजलि

समारोह में जिलाध्यक्ष जयवीर यादव ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उपस्थित जनसमूह को जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सामाजिक न्याय के राज की स्थापना के लिए स्वाभिमान-स्वमान की अनुभूति को और सुदृढ़ करते हुए एकजुट होकर संविधान और आरक्षण को बचाना होगा। उन्होंने कहा, ह्लजब तक संविधान सुरक्षित रहेगा, तब तक हमारे अधिकार भी सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री के बुद्धि विहार आगमन पर सवाल उठाते हुए कहा कि जहां संविधान साहित्य पार्क का उद्घाटन होना है, वहीं उसी स्थान पर असंवैधानिक रूप से रातोंरात एक मंदिर स्थापित कर दिया गया। बुद्धि विहार के लोगों ने इसका विरोध किया, जिसके बाद पार्क को सील किया गया, लेकिन बाद में अधिकारियों के संरक्षण में फिर से मंदिर बना दिया गया। यह विषय अत्यंत चिंतनीय है।

### पीडीए के लोग लड़ें अपनी लड़ाई: सांसद

समारोह में सांसद रूचि वीरा ने भी बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पीडीए समाज के लोग स्वाभिमान और स्वमान के माध्यम से अपनी निर्णायक शक्ति प्राप्त कर सकते हैं और उत्पीड़न, अत्याचार व नकारात्मक शक्तियों का संविधान के माध्यम से जवाब दे सकते हैं।

### निकाली गई रैली

समारोह उपरांत सभी नेताओं ने पार्टी कार्यालय से बाबा साहेब अमर रहें, हर जुल्म की टक्कर पर संघर्ष हमारा नारा है, और तख्त बदल दो, ताज बदल दो, बेईमानों का राज बदल दो जैसे नारों के साथ पैदल रैली निकाली। रैली अम्बेडकर पार्क पहुँची, जहाँ सभी ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# अनियंत्रित होकर पलटा सरियों से भरा ट्रक, मां-बेटे की मौत

## कई अन्य लोग बाल-बाल बचे, मौके पर पहुंची पुलिस, शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा, गोहरनी हाइवे पर हुआ हादसा

**ट्रक चालक व परिचालक मौके से फरार, मृतकों के परिवार में कोहराम मचा**






**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**शामली।** गोहरनी हाइवे पर सरियों से भरे ट्रक के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसकी चपेट में आकर बाइक सवार मां-बेटे की दुखद मौत हो गयी जबकि अन्य लोग बाल-बाल बच गए। ट्रक पलटते हुए सडक किनारे खाई में पलट गया। मौके पर मौजूद लोगों की सूचना पर आदर्श मंडी, कोतवाली व डॉयल 112 मौके पर पहुंची तथा क्रेनों की मदद से ट्रक को सीधा कराकर दोनों शवों को बाहर निकालकर कब्जे में ले लिया। इस दौरान ट्रक का चालक व परिचालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के गांव मालैंडी निवासी रेखा पत्नी मुकेश अपने बेटे उमंग के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से शामली आए थे। शामली से काम निपटाकर दोनों गांव वापस लौट रहे थे। मां-बेटा गोहरनी हाइवे पर एक गन्ने की जूस की दुकान पर जूस पीने के लिए रुक गए। इसी दौरान सरियों से भरा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया और रेखा व उमंग ट्रक की चपेट में आ गए, ट्रक पलटते हुए हाइवे किनारे स्थित खाई में जा गिरा, इस दौरान कई लोग उसकी चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। लोगों द्वारा शोर मचाने पर ट्रक चालक व परिचालक मौके से फरार हो गए। लोगों की सूचना पर आदर्श मंडी, कोतवाली पुलिस व डॉयल 112 की गाडियां मौके पर पहुंची गयी तथा हाइवे की एक साइड को बंद करते हुए दो क्रेनों व जेसीबी मशीन को आनन-फानन में मौके पर बुलाया गया जिसके बाद ट्रक में सरिया बाहर निकालकर उसे सीधा कराया गया। ट्रक के नीचे से मां-बेटा के शव बरामद हुए, पुलिस ने तत्काल दोनों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को मामले की सूचना दी जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। दर्जनों की संख्या में परिजन व अन्य ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना में मां-बेटे की दुखद मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# चौसाना में पांच बेड वाले अस्पताल में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**चौसाना।** कस्बे में रविवार की रात्रि में एक अस्पताल में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। जहां चिकित्सकीय सुविधा के लिए लगे लाखों रुपए की कीमत के उपकरण जलकर राख हो गए। अवैध रूप से संचालित पांच बेड वाले अस्पताल में आग लगने से अफरा तफरी का माहौल हो गया ।ग्रामीणों की मदद से आपको बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका।

रविवार रात्रि चौसाना कस्बे में स्थित एक निजी अस्पताल में अचानक आग लग गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। यह अस्पताल अवैध रूप से संचालित हो रहा था और इसमें पांच बेड की सुविधा थी। आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास करने लगे, लेकिन आग इतनी विकराल थी कि उस पर काबू नहीं पाया जा सका।आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई, जिसके बाद अग्निशमन दल मौके पर पहुंचा और करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। तब तक अस्पताल में मौजूद तमाम चिकित्सकीय उपकरण, दवाइयाँ और फर्नीचर पूरी तरह से जलकर राख हो चुके थे।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग देर रात लगभग 11,30 बजे के आसपास लगी और देखते ही देखते पूरे भवन को अपनी चपेट में ले लिया। संचालक ने बताया कि इस अग्निकांड में उन्हें करीब 30 से 35 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।घटना के समय अस्पताल में कोई मरीज भर्ती नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हालांकि, इस हादसे ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं कि कस्बे में अवैध रूप से संचालित अस्पताल कैसे चल रहा था और उसे किसी प्रकार की रोक क्यों नहीं लगाई गई।पुलिस और प्रशासन द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है। वहीं अग्निशमन विभाग आग लगने के कारणों का पता लगाने में जुटा हुआ है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने का संभावित कारण माना जा रहा है, लेकिन इसकी पुष्टि जांच रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा।

**संचालक पर फार्मासिस्ट की डिग्री,अस्पताल में उपकरणों की भरमार**

चौसाना। जिस व्यक्ति ने पुलिस को अस्पताल होना बताकर आग लगने की जानकारी दी है वह फार्मासिस्ट है।वही शिकायत में जिस उपकरणों का हवाला देकर हानि का आंकलन बताया गया है ,वो सभी उपकरण एक बड़े अस्पताल में होते है। हादसे के 24 घंटे बाद भी स्वास्थ्य विभाग की आंखे नहीं खुली।बताते है कि संचालक थानाभवन का निवासी है।

**शटर के अंदर संचालित अवैध अस्पताल**

चौसाना। बस्ती के बीच में संचालित अस्पताल में रात्रि के समय में बड़ा हादसा घटित हो गया,लेकिन गनीमत रही कि जनहानि नहीं हो सकी।ग्रामीणों का कहना है कि हर दिन मरीज भर्ती रहते है। अवैध संचालित अस्पताल भवन के अंदर शटर लगाकर संचालित हो रहा है।

# गुड़गांव में आयोजित प्रतियोगिता में छात्रा ने जीता गोल्ड मेडल



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कांधला।** क्षेत्र के भाजपा नेता एवं विकासखंड परिसर में मौजूदा ब्लॉक प्रमुख की पौत्री ने पंद्रह किलोग्राम जुडो कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल जीतकर क्षेत्र की होनहार छात्रा ने अपने गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रा की उपलब्धि से परिजनों में हर्ष का माहौल है। विकास खण्ड कांधला के ब्लॉक प्रमुख डा विनोद मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके पुत्र गुड्डू मलिक की पुत्री अद्रिका मलिक जनपद के सेंट फ्रांसिस स्कूल की कक्षा छह की छात्रा है। स्कूल में शिक्षण के दौरान वह जूडो कराटे भी सीखती है। जिसके चलते स्कूल ने गुडगांव में आयोजित होने वाली कऱङ्क्ष इंटरनेशनल चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए नाम भेजा था। उक्त प्रतियोगिता में भारत के साथ - साथ नेपाल, भूटान, श्रीलंका आदि देशों के खिलाडियों ने प्रतिभाग किया था। जिसमें उनकी पौत्री अद्रिका मलिक ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को हराते हुए गोल्ड मैडल जीता है। अद्रिका मलिक के गोल्ड मैडल जीतने से उसके परिजनों के साथ - साथ ग्रामीणों में खुशी की लहर है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौत

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो शामली।** रविवार की शाम शामली-बनत मार्ग पर कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार बनत के किसान 45 वर्षीय कंवरपाल की मौत हो गई। बनत गांव के रहने वाले ऋषिपाल ने आदर्श मंडी थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि 13 अप्रैल की शाम करीब 7.45 बजे उसका भाई कंवरपाल पुत्र ब्रहम सिंह बाइक से शामली से गांव में आ रहा था। बताया कि जैसे ही वह वृंदावन होटल के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रहे कार चालक ने भाई की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे भाई गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उसकी हालत को गंभीर देखते हुए मेरठ के लिए रेफर कर दिया। रात में ही डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। किसान की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

## तापमान में बढ़ोतरी

शामली। जिले में हवा चलने से गर्मी से थोड़ी राहत मिली। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई।अधिकतम तापमान 37 और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि रविवार को अधिकतम तापमान 36 जबकि न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अप्रैल माह में मौसम गर्म होता जा रहा है। दो दिन शाम के समय बूंदाबांदी भी हुई थी। सोमवार को धूप निकलने के साथ लोगों को गर्मी का अहसास हुआ।

# श्रद्धा के साथ स्मरण किये गए डॉ. भीमराव अंबेडकर




**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कैराना।** आजाद भारत के प्रथम कानून मंत्री एवं संविधान निर्मात्री सभा के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती कस्बे एवं क्षेत्र में हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान लोगो ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनका भावपूर्ण स्मरण किया।

सोमवार को नगर पालिका परिषद कैराना में पालिकाध्यक्ष शमशाद अहमद अंसारी व अधिशासी अधिकारी समीर कुमार कश्यप के संयुक्त निर्देशन में संविधान निमार्ता एवं भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान पालिकाकर्मी उपस्थित रहे। वहीं, कस्बे के झाड़खेड़ी रोड पर स्थित द न्यू हाइट्स एकेडमी में डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धा के साथ स्मरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य विवेक कुमार उपाध्याय व उप-प्रधानाचार्या त्रिप्ती सिंह द्वारा बाबा साहेब के जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

कस्बे के सेंट आरसी साइंटिफिक कॉन्वेंट स्कूल में भी बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस दौरान विद्यालय निदेशक यशपाल पंवार ने बाबा साहेब द्वारा संविधान निर्माण में दिए गए योगदान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने जीवनपर्यंत समाज के दबे-कुचले एवं शोषित वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया। विद्यालय के शिक्षकों ने भी डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उधर, भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने भी कस्बे के मोहल्ला आलकलां के बौद्ध विहार में स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प एवं माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने बाबा साहेब द्वारा किये गए संघर्षों एवं देश उत्थान में दिए गए योगदान के बारे में अवगत कराया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल चौहान कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर शामिल हुए। इस अवसर पर पार्टी के विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक आलोक चौहान एडवोकेट, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रोहताश सैनी, पूर्व मंडलाध्यक्ष शक्ति सिंघल, मंडल उपाध्यक्ष पूरणचंद जाटव आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार :

### डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर केक काटा



चौसाना। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर गांव चौसाना में सामाजिक समरसता और समानता के प्रतीक बाबा साहब को श्रद्धांजलि देते हुए उनका जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत केक काटकर की गई, जिसमें ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस विशेष अवसर पर ग्राम पंचायत अधिकारी राहुल कुमार, नवाब सिंह, बसारत, कंवरपाल शर्मा, मनोज, सरबजीत सिंह, शेरखान, चरण सिंह, रामधन, अशोक, सोनू और राहुल सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने डॉ. अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के क्षेत्र में जो कार्य किए, वह आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। ग्राम पंचायत अधिकारी राहुल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर ने दलितों, पिछड़ों और वंचितों के अधिकारों के लिए जीवन भर संघर्ष किया। आज उनका संविधान हमें एकजुट करता है और समानता का मार्ग दिखाता है। नवाब सिंह ने कहा कि बाबा साहब ने जो रास्ता दिखाया है, उस पर चलकर ही हम एक सशक्त और समान समाज का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और उनके बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने इस आयोजन को हर वर्ष और भी भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया।

### पुरानी रंजिश को लेकर दो लोगों के बीच मारपीट

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव नाला में पुरानी रंजिश को लेकर दो लोगों के बीच मारपीट हो गई, मारपीट में दोनों के बीच लात घुसे व डंडे चले जिसमें दोनों घायल हो गए दोनों ने अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी सोनू और राकेश के बीच काफी दिनों से मामूली विवाद को लेकर रंजिश चल रही है। आरोप है सोमवार को सोनू अपने खेत पर जा रहा था तभी राकेश ने सोनू को पकड़ लिया और उसके साथ गाली गलौज करने लगा मौके पर शोर शराब होने पर गांव के दर्जनों लोग जमा हों गए। ग्रामीणों ने दोनों के बीच हुई कहासुनी का बीच बचाव करा दिया आरोप है कि थोड़ी देर के बाद दोनों लोग फिर आमने-सामने आ गए और जमकर लात घुसे व डंडे चले। घायलों ने अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

### सेंट आरसी स्कूल से निकाली गयी साइकिल रैली

शामली। शहर के सेंट आरसी स्कूल से प्रारंभ हुई रैली को नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने मशाल जलाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि स्कूल द्वारा साइकिल रैली आयोजित करने का उद्देश्य शामली नगर निवासियों को पर्यावरण बचाने के लिए जागरूक करना है। पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए हम सबको स्थानीय क्षेत्र में वाहनों का प्रयोग न कर साइकिल का प्रयोग करना चाहिए जिससे वायु प्रदूषण को रोकथाम करने में सफलता मिलेगी व साइकिल चलाने से हमारा शरीर भी स्वस्थ रहेगा। इसके साथ साथ हम सबको पेड़ पौधे अवश्य लगाने चाहिए। रैली स्कूल से आरंभ होकर नई मंडी स्थल, पुलिस लाइन, शिवमूर्ति, बडा बाजार हनुमान धाम से होते हुए अम्बेडकर चौंक पर पहुंची जहां बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर डा. भीमराव अम्बेडकर आश्रम सेवा समिति द्वारा सेंट आरसी स्कूल को शील्ड भी प्रदान की गयी।

# नाइनगला गांव में बंजर भूमि पर अवैध खेती का मामला गमार्या, प्रशासन की कार्रवाई शुरू



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**चौसाना।** क्षेत्र के नाइनगला जाटान गांव में बंजर भूमि पर अवैध रूप से गेहूं की फसल उगाने का मामला गरमा गया है। ग्रामवासी सुनील कुमार की शिकायत पर एसडीएम कैराना द्वारा इस संबंध में जांच शुरू कर दी गई है। शिकायत के अनुसार, गांव की खसरा संख्या 108/1 की भूमि, जो कि शमशान और रेत क्षेत्र के रूप में आरक्षित है, उस पर कुछ ग्रामीणों ने लगभग 300 बीघा भूमि में गेहूं की फसल उगा रखी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम कैराना ने नौ अप्रैल को पांच सदस्यीय लेखपाल टीम को गांव में भेजा था। टीम ने खेतों का निरीक्षण किया और जिन ग्रामीणों द्वारा फसल उगाई गई थी, उनके घरों पर नोटिस चस्पा कर 11 अप्रैल तक तहसील में दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। हालांकि, निर्धारित तिथि तक कोई भी ग्रामीण तहसील कार्यालय में अपने भूमि स्वामित्व से संबंधित कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाया। इसके बावजूद 14 अप्रैल की सुबह कुछ ग्रामीण फसल काटने के लिए खेतों में पहुंच गए। शिकायतकर्ता सुनील कुमार ने इस पर फिर से तहसील में शिकायत दर्ज कराई। तत्काल संज्ञान लेते हुए तीन सदस्यीय लेखपाल टीम झ्र अमित कुमार, उमेश कुमार और एक अन्य अधिकारी झ्र चौसाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासनिक दल ने खेत में मौजूद ग्रामीणों को फसल काटने से रोका और उन्हें वहां से हटाया। घटना के दौरान मौके पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे, लेकिन स्थिति को प्रशासन ने शांतिपूर्वक संभाला। शिकायतकर्ता का कहना है कि जिस जमीन पर फसल उगाई जा रही है, वह न केवल सरकारी बंजर भूमि है, बल्कि उसका उपयोग शमशान और रेत निकालने के लिए किया जाता रहा है।

# वक्फ कानून के समर्थन में आया मुस्लिम राष्ट्र मंच




**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कैराना।** राष्ट्रवादी पसमांदा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने वक्फ कानून का समर्थन करते हुए तहसील मुख्यालय पर जकमकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन पत्र एसडीएम कैराना को सौंपा।

सोमवार की दोपहर राष्ट्रवादी पसमांदा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शमशाद मीर अपने समर्थकों के साथ तहसील मुख्यालय पर पहुंचे,जहाँ उन्होंने जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि वक्फ कानून एक इतिहासिक कदम है,जिससे पसमांदा मुसलमानों को इसका लाभ मिलेगा। वक्फ की संपत्तियों पर मुस्लिम समुदाय की उच्च जातियों का कब्जा है। आजादी के बाद से ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड हो या कोई अन्य मुस्लिम संगठन किसी ने भी पसमांदा मुसलमान के प्रति चिंता नहीं जताई है और ना ही अब तक वक्फ की संपत्ति से किसी भी पसमांदा मुसलमान को कोई लाभ पहुंचाया गया हैं। इस दौरान मंच के सदस्यों के हाथों में तख्ती नजर आ रही थी,जिन पर अलग-अलग स्लोगन लिखे हुए थे,ना दूरी है,ना खाई है,नरेंद्र मोदी हमारा भाई है,गली-गली में शोर हैं वक्फ माफिया चोर हैं,पसमांदा समाज को इंसाफ दो इंसाफ दो। साथ ही उन्होंने कहा कि वक्फ संपत्तियों को कब्जा कर उन पर कुंडली मारे बैठे लोग चोर हैं,जिनके खिलाफ कार्रवाई को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन पत्र एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव को सौंपा हैं। इस दौरान तहसील परिसर में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह भी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# मरम्मत के चलते करीब दो माह बंद रहेगा यमुना पुल



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**बिडोली / झिंझाना :** मरम्मत कार्य के चलते बिडोली क्षेत्र के यमुना पुल को लगभग अगले दो माह के लिए बंद कर दिया गया है वहीं कुछ वर्कर पुल के नीचे लगे बेरिंग को बदल रहे हैं जिन्होंने जानकारी देते हैं बताया कि पुल के सभी बेरिंगो को बदल जाएगा यह काफी पुराने हो गए हैं और उनकी मियाद लगभग पूरी हो चुकी है और यह कभी भी कार्य करना बंद कर सकते हैं इसलिए इन बेरिंगो को बदलकर नये लगाये जा रहे है भी बदले जा रहे हैं इनका मेन कार्य पुल को गति प्रदान करना है जिसके चलते भारी वाहन भी बिना किसी नुकसान पहुंचाये पुल से आसानी से गुजर जाते हैं और उनके द्वारा लगने वाला प्रतिरोधक बल इन एक्सटेंशन ० रिमो के जरिए कुओ से जमीन की सतह में ट्रासफर हो जाता है ० पुल को कोई हानि नहीं होने देता है और पुल की उम्र अधिक लंबी बनी रहती है और कार्यशीलता भी प्रभावित नहीं होती ठेकेदार रजत ने बताया कि लगभग दो माह तक यह रिपेयरिंग का कार्य चलेगा जिसमें लगभग 30 साल पहले यातायात को समर्पित किया गया था यह यमुना पुल यमुना नदी का या पुल 1994 में बनकर तैयार हुआ था और तभी से है यातायात के लिए खोल दिया गया था जब से लगातार यह पुल खादर क्षेत्र के ग्रामीणों से लेकर हरियाणा क्षेत्र के एक बड़े भूभाग को जोड़ता हुआ दोनों राज्यों के किसानों के लिए भी सुगमता का प्रतीक बना हुआ है इसी के कारण खादर क्षेत्र के अधिकतर किसान अपनी फसले व अन्य जरूरत के सामान की पूर्ति हरियाणा राज्य के आसपास के कई शहरों से बड़ी सुगमता कर रहे है लगभग 31 सालों से यह यमुना पुल क्षेत्र के आम जनजीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है यहां से जहां किसानों ग्रामीणों को आवागमन में काफी सुगमता और समय की बचत होती है वहीं क्षेत्र के बच्चे भी हरियाणा के कई शहरों में जाकर उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा ग्रहण कर अपने आप को शशक्त बना रहे है

# हरिजन चौपाल में मनाई गई भीमराव अंबेडकर की जयंती



कांधला ।नगर की हरिजन चौपाल मे बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की 134 वीं जयंती मनायी गयी। बाबा साहेब ने दलित समाज के उत्थान के लिए दिन-रात संघर्ष किया। बाबा साहेब के सघर्ष एव परिश्रमो को का परिणाम यह है कि आज समाज के सभी वर्ग समानता के साथ रहते हैं।सर्व प्रथम चौपाल में पहुंचे सभी वर्गों के लोगों ने मां सरस्वती देवी की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्प समर्पित किए। बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा को माला पहनाकर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में दर्जनों लोगों ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने-अपने विचार रखें। इस दौरान दलित नेता किरणपाल ने बाबा भीमराव अंबेडकर के संघर्ष और त्याग के बारे में बताया कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने अपने जीवन में सभी वर्गों को सम्मान दिया है। उन्होंने दोनों हाथों से संविधान लिखा एवं दलितों को सम्मान दिलाने के लिए छुआछूत जैसी प्रथा को खत्म किया। बाबा साहेब के जीवन से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर दर्जनों लोग मौजूद रहे।

**शिविर में 62 मरीजों की जांच**

शामली। भारत विकास परिषद मानव शामली ने दयानंद नगर के प्राइवेट क्लीनिक पर निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। डा. .अजय वर्मा ने दांतों की जांच, अर्पित शुक्ला ने शुगर जांच समेत 62 व्यक्तियों की जांच की। विनीत संगल कहा कि समय-समय पर इस तरह के शिविर आयोजित होते रहने चाहिए। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष विनोद गोयल एडवोकेट, पवन गोयल, शशि गोयल, दीप शिखा चौधरी, अशोक मौजूद रहे।

**आवश्यकता है**

दैनिक नेशनल प्रेस टाइम्स में शामली थानाभवन जलालाबाद झिंझाना बिडौली ऊन चौसाना बाबरी गढ़ी पुख्ता एलम बनत आदि स्टेशनों पर रिपोर्टरो की आवश्यकता है

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
**आदिल राणा**
जिला प्रभारी शामली
91-9082190000,
91-9997173786

# झामुमो की 13वें महाधिवेशन का हुआ आगाज, सीएम हेमन्त सोरेन हुए खुश



**एनपीटी**

झारखण्ड राजधानी रांची स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का दो दिवसीय 13वें महाधिवेशन का शुभारम्भ सोमवार को हुआ। जिसमें राज्य के लगभग सभी जिलों से झामुमो के काफी संख्या में वरीय पदाधिकारीगण शामिल हुए। महाधिवेशन में पाकुड़ जिलाध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम, उपाध्यक्ष हाजी समाद अली, उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे, जिला परिषद अध्यक्ष जुली खिष्टमणी हेम्ब्रम, युवा नेत्री उपासना मरांडी उर्फ पिंकी, मुस्लेहुद्दीन शेख, मोतीलाल हसदा व अफताब आलम समेत झामुमो पाकुड़ इकाई के लगभग 170 से अधिक वरीय पदाधिकारीगणों ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। साथ ही साहिबगंज जिलाध्यक्ष भी झामुमो के साहेबगंज इकाई के साथ ससमय- अवधि में ही शिरकत की।

वही टाना भगत इंडोर स्टेडियम में झामुमो के आयोजित दो दिवसीय 13वें महाधिवेशन में काफी तादाद में राज्य के सभी जिलों से आये सक्रिय पदाधिकारीगोणों की समावेश पार्टी संगठन की मजबूती जगजाहिर रहा। वही महाधिवेशन के बतौर मुख्यातिथि सीएम हेमन्त सोरेन के पहुंचते ही खचाखच भरे झामुमो पदाधिकारीगणों समेत अन्य की तालियों की गड़गड़ाहट से पूरी स्टेडियम गूंज उठी। समाचार लिखे जाने तक सीएम हेमन्त सोरेन महाधिवेशन में राज्य भर से आये उपस्थित पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए पार्टी संगठन को और सशक्त बनाने की ऊर्जा संचार किया। उन्होंने उपस्थित झामुमो पदाधिकारीगणों को सम्बोधित करते हुए सरकार की उपलब्धियों का ध्यानाकर्षण कराया। साथ ही पार्टी की लक्ष्य और उद्देश्य का विस्तृत कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित झामुमो के कर्मठ वर्करों समेत पदाधिकारीगणों में एक सकारात्मक ऊर्जा को संचालित किया। इस दौरान पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक एमटी राजा, विधायक हेमलाल मुर्मू, विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी अन्य समेत हजारों झामुमो के सक्रिय पदाधिकारीगण महाधिवेशन में मौजूद रहे।

# अवैध बालू ट्रेक्टर द्वारा तस्करी करके के बंगाल भेजने का सिलसिला जारी



**एनपीटी ब्यूरो**

साहिबगंज जिले के बरहरवा प्रखण्ड अन्तर्गत कोटालपोखर थाना क्षेत्र के आसपास बालू माफिया काफी सक्रिय हैं। ट्रेक्टरों- ट्रालियों में बालू को ओभरलोड कर बेखौफ होकर तस्करी में संलिप्त हैं। पाकुड़ जिला के महेशपूर प्रखण्ड आमड़ापाड़ा प्रखण्ड से बालू लाया जाता है और साहेबगंज जिला के कोटालपोखर थाना क्षेत्र में बिचौलिया बालू दलाल का बंगाल कोटालपोखर थाना से सटे होने का फैदा खुब उठाते हैं। ट्रेक्टर- ट्रोली का पेपर मजबूत नहीं है। एक तो बिना माइनिंग चला रहा, दूसरा कोई पेपर नहीं दिन भर में 40/ 50 गाड़ी चलती है। कुछ दलाल तो फोन से पता करते हैं गाड़ी कहा हैं । महेशपुर / आमड़ापाड़ा में जैसे गाड़ी खुलती हैं, दलाल हिरणपुर प्रखण्ड के पलनिया गांव होकर डाटापाड़ा गुमानी दरियापुर होते हुए बंगाल भेज देते हैं एवं कुछ ट्रैक्टर चौरा मोड़ होते हुए बड़ा सोनाकड़ मदरसा गेट के सामने सुत्र बता रहा है कोई दलाल खड़ा हो कर रहता है। प्रतिदिन प्रतिक ट्रैक्टर से 200 रुपया अवैध वसूली करते हैं और कुछ बिचौलिया भी है बालू बंगाल भेजने का ठिका ले रखा है। बताते चले बिना माइनिंग व चलान का बालू गाड़ी कैसे बंगाल भेजा जाता है। कहीं ना कहीं तो अधिकारी का मदत मिलता है। अखबार में बार-बार प्रकाशित करने के बाबजूद बालू माफिया अपने हरकत से कम नहीं, बालू माफिया दिन दूगूनी -ःरात चौगुनी तरक्की कर रहा है।

# तनवीर आलम ने कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ की बैठक, की ताकीद



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), बीते सोमवार को पाकुड़ जिला कांग्रेस कार्यालय में झारखण्ड प्रदेश महासचिव तनवीर आलम ने जन समस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं के साथ बैठक कर विभिन्न पंचायत से आये आम- जनों की समस्याओं से रूबरू हुए एवं कांग्रेस कार्यकताओं से बारी- बारी से भेंट मुलाकात किया। ग्रामीण क्षेत्र एवं नगर पंचायत से आये पुरुष एवं महिलाओं ने जमीन संबंधी, मंईया सम्मान योजना संबंधी, पेंशन सम्बन्धित, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुदान राशि न मिलने की शिकायत, ग्रीन कार्ड न बनने की शिकायत, जाति आय निवास से सम्बन्धित शिकायत झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस महासचिव से की। तनवीर आलम ने सम्बन्धित अधिकारी से वातार्लाप किया और कुछ समस्याओं का समाधान ऑन द स्पॉट किया एवं उक्त समस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु सम्बन्धित पदाधिकारियों को अनुरोध किया। मौके पर जिला महासचिव समिनुल इस्लाम, जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, विधायक प्रतिनिधि गुलाम अहमद उर्फ बकुल, प्रखंड अध्यक्ष मानसारूल हक, जिला प्रवक्ता मुख्तार हुसैन, पर्यवेक्षक अशोक दास, देबू विश्वास, शाहीन परवेज, मीरर्जहान विश्वास प्रमोद डोकानिया,रामविलास महतो, डॉ जोहरुल इस्लाम, होबी शेख नौजरूल इस्लाम, मोहम्मद सिराजुद्दीन शेख, शहनाज बेगम, मिथुन मरांडी , नसीम आलम सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लिट्टीपाड़ा प्रखण्ड परिसर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उन्हें किया नमन



**एनपीटी ब्यूरो**

लिट्टीपाड़ा ( पाकुड़) लिट्टीपाड़ा प्रखण्ड परिसर में अवस्थित बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की आदम कद प्रतिमा पर उनके 134 वीं जयंती के अवसर पर बड़े हर्षोल्लास के साथ प्रखण्ड क्षेत्र के समाज सेवी, प्रबुद्ध जनों एवं उपस्थित प्रखण्ड एवं अंचल के पदाधिकारी और कर्मियों ने उनके आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने बाबा साहब के जीवन, उनकी सामाजिक सोंच और संविधान में दिये गये विशेष अधिकारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बच्चों से लेकर प्रबुद्ध जनों, शिक्षक शिक्षिकाओं सहित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय लिट्टीपाड़ा की छात्राओं ने भी बड़ी संख्या में शामिल होकर बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी के प्रेरणादायी गीतों का भी प्रस्तुति कर उत्साहवर्धक समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि नृपेन मंडल, प्रबुद्ध समाजसेवी शिवचरण मालतो, राम मंडल मुखिया शिव टुडू, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी कमल पहाड़िया, प्रखंड कृषि पदाधिकारी के. सी. दास, प्रखंड नाजिर राजाराम रविदास,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मानिक चंद्र दास, बंटी रजक, सौरभ सहित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के वार्डेन सीमा कुमारी, शिक्षिका भारती कुमारी, वनिता सरकार एवं काफी संख्या में स्कूली बच्चों ने भाग लिया।

# भाजपा इकाई ने की बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दी श्रद्धांजलि



**एनपीटी ब्यूरो**

भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सोहन मंडल के नेतृत्व में संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जयंती के अवसर पर पाकुड़ नगर के अंबेडकर चौक पर कार्यकताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अमृत पाण्डेय, मुख्य अतिथि शर्मिला रजक और अजीत रविदास शामिल हुए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने कहा कि संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी ने समाज में शिक्षा, समानता और न्याय के बल पर सामाजिक क्रांति की नींव रखी। आजीवन वंचितों के अधिकारों के लिए बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर कटिबद्ध रहे। समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित संविधान की रचना कर उन्होंने भारत की महान लोकतांत्रिक विरासत को सुदृढ़ आधार प्रदान करने के लिए समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित संविधान की रचना की । न्यायपूर्ण और समतामूलक समाज निर्माण की दिशा में बाबा साहेब के विचार आज भी हम सभी को प्रेरणा प्रदान करते हैं। मोदी सरकार ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की विरासत को संजो कर दिया, उचित सम्मान दिया। पूर्व प्रदेश मंत्री शर्मिला रजक ने कहा कि महान संविधान शिल्पी और करोड़ों देशवासियों के आत्मगौरव के प्रतीक बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन करती हूं। अजा पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत रविदास ने कहा कि सामाजिक समरसता के शिल्पकार, संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर कार्यकताओं को उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष विवेकानंद तिवारी, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिवेदी, जिला महामंत्री रूपेश भगत, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपक साह, बासु मंडल सुशील साह, पवन भगत , युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष जीतू सिंह, संजीव साह सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

# झामुमो का 13वां महाधिवेशन प्रारंभ, दो दिन तक चलेगा, आज शिबू सोरेन व सीएम सोरेन ने किया शुभारंभ

रांची। झारखंड की सत्तारूढ़ पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का 13वां महाधिवेशन रांची के खेलगांव में आयोजित किया गया है। यह महाधिवेशन 14 और 15 अप्रैल को चलेगा। महाधिवेशन का शुभारंभ किया गया। झारखंड के प्रमुख राजनीतिक दल झामुमो का 13वां महाधिवेशन आज से प्रारंभ हुआ, जो कल तक चलेगा। इस महाधिवेशन में पूरे झारखंड से झामुमो के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचे हैं। खास बात यह है कि झारखंड के साथ-साथ महाधिवेशन में 8 से अधिक राज्यों से, जहां पार्टी कार्य कर रही है, 3500 से अधिक प्रतिनिधि भी भाग ले रहे हैं। महाधिवेशन की शुरूआत पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन द्वारा की गई, जो झारखंड को अलग राज्य बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रसिद्ध हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनकी मां रूपी सोरेन और धर्मपत्नी कल्पना सोरेन भी उपस्थित थीं।

हेमंत सोरेन ने कहा - झामुमो आंदोलन से उपजी हुई पार्टी है महाधिवेशन में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा आंदोलन से उपजी हुई पार्टी है। झारखंड को बिहार से अलग करने के लिए झामुमो का गठन किया गया था। गुरुजी (शिबू सोरेन) के नेतृत्व में जब आंदोलन की रूपरेखा तैयार हो रही थी, तब झारखंड के विभिन्न इलाकों से लोग बड़ी संख्या में इस आंदोलन को समर्थन देने के लिए आते थे। गुरुजी के साथ कई लोगों ने अपना सब कुछ बलिदान किया। त्याग और समर्पण के माध्यम से झारखंड को एक अलग राज्य के रूप में पहचान मिली, लेकिन हमें यह स्वीकार करना दुखद है कि झारखंड कई वर्षों तक उन लोगों के हाथों में रहा जिनका आदिवासियों और मूलनिवासियों से कोई संबंध नहीं था। उन्होंने सिर्फ झारखंड को लूटने का काम किया।

कार्यक्रम में विधायक कल्पना सोरेन, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे, केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य, सांसद विजय हांसदा, पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर और पार्टी के कई अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डीसी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की बैठक, दिया निर्देश



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), बीते सोमवार को उपायुक्त मनीष कुमार ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी शिक्षक, सेविका, पंचायत सचिव, स्वयंसेवक, पंचायत सहायक, पीडीएस डीलर, सहिया, जल सहिया, जेएसएलपीएस, मुखिया, प्रधान के साथ कालाजार एवं जल संरक्षण के सफल क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक की।। बैठक में उपायुक्त ने बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत चलाये जा रहे लोग जोड़ो गड्ढा कोड़ो महाभियान अंतर्गत सभी स्वीकृत योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप गड्ढा खोदने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त श्री मनीष कुमार ने ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की समस्या से प्रभावित क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति को लेकर समीक्षा करते हुए जलमीनार, चापाकल व अन्य जलस्त्रोत की वस्तुस्थिति से अवगत हुए। साथ ही मरम्मति योग्य सभी चापाकलों, जलमीनारों को 15 वें वित्त की राशि से दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया इसके साथ ही लोगों को जल संरक्षण हेतु कार्य करने के लिए के लिये निर्देशित किया। साथ ही उपायुक्त ने अबुआ आवास योजना के समीक्षा के क्रम में कहा कि जिन पंचायत सचिव के द्वारा अबुआ आवास योजना में जीयो टैग कम किया गया है, वैसे पंचायत सचिव पर कारवाई की जाएगी। उपायुक्त ने सभी पंचायत सचिव को जियो टैग में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। कालाजार उन्मूलन हेतु हो रहे आईआरएस छिड़काव में सहयोग देने, टीबी से ग्रसित व्यक्ति का पहचान कर जिला प्रशासन को सूचित करने का निर्देश दिया गया।

# शैक्षणिक मुद्दों को लेकर आंदोलन करेगी विद्यार्थी परिषद



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं० ), अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पाकुड़ की अभाविप कार्यालय में वार्षिक जिला समीक्षा बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय खेलो भारत के संयोजक आशुतोष सिंह बतौर प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में उपस्थित रहे। जिला समीक्षा बैठक जिला संयोजक गुंजन तिवारी के नेतृत्व में आहूत की गई। जिसमें विद्यार्थी परिषद के वर्ष 2024 में की गई कार्यों की समीक्षा एवं आगामी वर्ष 2025- 26 के लिए रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें कि विद्यार्थी परिषद पाकुड़ जिले के विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं को लेकर अपनी आवाज बुलंद करने की बात कही। खेलो भारत के अखिल भारतीय संयोजक आशुतोष सिंह ने बताया कि विद्यार्थी परिषद शैक्षणिक सामाजिक मुद्दों के साथ ही भारत में विभिन्न खेलों के गतिविधियों को गति देने के लिए कार्य कर रही है। राष्ट्रीय हो या अन्तर्राष्ट्रीय हो भारत अभी सभी खेल प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। हम सभी युवाओं को पढ़ाई के साथ ही खेलो में भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। खेल से विद्यार्थी के जीवन में मानसिक और शारीरिक ऊर्जा का संचार होता है। विभाग संयोजक अमित साहा ने बताया कि पाकुड़ में विद्यार्थी परिषद लंबे समय तक पीजी की पढ़ाई को लेकर आन्दोलन करते आ रही है। लेकिन अभी तक सरकार ने पाकुड़ में पीजी की पढ़ाई पर कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। आने वाले समय में विद्यार्थी परिषद पीजी की पढ़ाई, कैंपसों में छात्रों की उपस्थिति एवं प्लस टू और महाविद्यालय में कुछ विषयों पर सीट बढ़ाने को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेगी। जिला प्रमुख डॉ० मनोहर कुमार एवं जिला संयोजक गुंजन तिवारी ने बताया कि वर्ष 2024 में विद्यार्थी परिषद ने 5000 सदस्य पूरे पाकुड़ जिले में बनाया। वर्ष 2025 में हम पूरे जिले भर में अपने सदस्यता अभियान के माध्यम से 6000 छात्रों को अपने साथ जोड़ेंगे। प्रदेश कार्यसमिति समिति सदस्य मनीषा कुमारी ने बताया कि पाकुड़ महिला महाविद्यालय शहर से दूर क्षेत्र में बनाया गया है। जहां पर छात्राओं के सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रशासन को कुछ सुविधा जैसे समय-समय पर पेट्रोलिंग और स्ट्रीट लाइट जैसे समाधान करने की आवश्यकता है। जिसको लेकर विद्यार्थी परिषद के छात्रा प्रतिनिधिमंडल जिले के पुलिस अधीक्षक से मिलेंगे। मौके पर प्रदेश एसएफडी सह- संयोजक सानू रजक,क्षविभाग संगठन मंत्री बादल तिवारी, नगर मंत्री हर्ष भगत नगर सह- मंत्री रानी साहा, प्रदेश कार्यसमिति समिति सदस्य सुरोजित मंडल, सुमित पांडे प्रदीप मिश्रा, विशाल भगत, सनी कुमार, आयुष कुमार उपस्थित थे।

# अंबेडकर ने पत्रकारों को दिया सशक्त मंच : अजय चौधरी

## संविधान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को शामिल कर सशक्त की पत्रकारिता

एनपीटी ब्यूरो

मेरठ, 14 अप्रैल। भारतीय संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जहां सामाजिक न्याय और समानता की नींव रखी, वहीं पत्रकारों के अधिकारों को भी मजबूती दी। संविधान में ह्यअभिव्यक्ति की स्वतंत्रताह्न को मौलिक अधिकार के रूप में शामिल कर उन्होंने पत्रकारिता को एक सशक्त मंच प्रदान किया।

डॉ. अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स, मेरठ के अध्यक्ष अजय चौधरी ने कहा कि ह्लडॉ. अंबेडकर ने पत्रकारों को अभिव्यक्ति की आजादी देकर उन्हें निर्भीक और निष्पक्ष लेखन का अधिकार दिया। आज अगर पत्रकार लोकतंत्र के प्रहरी के रूप में कार्य कर पा रहा है, तो इसका श्रेय अंबेडकर जी की दूरदर्शिता को जाता है।



उन्होंने आगे कहा कि भारतीय संविधान में दिए गए प्रावधानों ने न केवल नागरिकों को बोलने की आजादी दी, बल्कि पत्रकारों को भी निडर होकर सत्य सामने लाने की शक्ति प्रदान की। अंबेडकर जी ने यह सुनिश्चित किया कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बनकर जन-हित के मुद्दों को बेखौफ उठाने में समर्थ हो।

अजय चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे में संविधान में निहित अधिकारों को समझना और उनके अनुरूप कार्य करना हर पत्रकार का दायित्व है। उन्होंने अपील की कि पत्रकारिता के मूल्यों को बनाए रखते हुए डॉ. अंबेडकर के विचारों को जीवन में उतारें और जनसेवा की भावना से कार्य करें।

इस अवसर पर पत्रकारों ने डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# पूरे देश में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाई





एनपीटी ब्यूरो

ट्रांस हिंडन क्षेत्र। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 134 वी जयंती पर पूरे देश प्रदेश के ट्रांस हिंडन क्षेत्र के गौरी शंकर विहार में बाबा साहब और भगवान गौतम बुद्ध के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस कार्यक्रम में पार्षद रवि भाटी ने अपने संबोधन में युवाओं से कहा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की तरह ही कार्य करके हम सभी नाम कमा सकते हैं। सभी वक्ताओं ने बाबा साहब के द्वारा रचित संविधान के प्रति आभार प्रकट किया और बाबा साहब के चरणों में नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पार्षद द्वारा बाबा साहब की जयंती पर गौरीशंकर विहार में सर्विस लाइन के नाली सड़क निर्माण कार्य का नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया।

इस अवसर पर शालीमार गार्डन सुधार समिति के अध्यक्ष राम चरण,एम डब्लू खान अध्यक्ष एस के शर्मा, सचिन विष्णु देव शर्मा एवं अन्य पदाधिकारी अशोक भाटी,जयवीर तोमर,सतीश भगत जी, पत्रकार पराग तोमर, जे आर सिंह,परवेज खान, युसूफ सैफी,आरिफ सैफी,गोपाल मुंजाल, कलवा चौहान,टीनू, राहुल मजूमदार,आशीष रंजन, अनिल कुमार,आरपी

# पंजाब में ग्रेनेड हमला: एटीएस के रडार पर अमरोहा, सैदुल की मां से पूछताछ करेगी NIA, पहले भी पकड़े गए हैं आतंकी

एनपीटी ब्यूरो




जालंधर में भाजपा नेता मनोरंजन कालिया के घर ग्रेनेड हमले के मामले में अमरोहा के कटरा बख्तावर निवासी सैदुल अमीन का नाम सामने आने के बाद खुफिया एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। पंजाब पुलिस का दावा है कि सैदुल अमीन के संबंध आतंकियों से हैं। उसकी गिरफ्तारी के बाद अमरोहा एक बार फिर एटीएस की रडार पर आ गया है

जालंधर में भाजपा नेता मनोरंजन कालिया के घर ग्रेनेड से हमला करने के बाद अमरोहा के सैदुल अमीन का नाम सामने आने के बाद खुफिया एजेंसी सक्रिय हो गई है। सात साल पहले हरकत-उल-हरब-ए-इस्लाम मॉड्यूल का खुलासा होने के बाद अमरोहा एक बार फिर एटीएस की रडार पर है। सैदुल अमीन के बारे में बारीकी से छानबीन की जा रही है

उसके परिचित और रिश्तेदारों पर भी नजर है। 26 दिसंबर 2018 को एनआईए और एटीएस की टीम ने संयुक्त रूप से शहर कोतवाली के मोहल्ला मुल्लाना, पचदरा, इस्लामनगर और नौगांवा सादात थानाक्षेत्र के गांव सैदपुर इम्मा में छापा मारा था। संयुक्त टीम की करीब दस घंटे कार्रवाई चली थी

घरों के दरवाजे तोड़कर घुसी टीम ने मोहल्ला मुल्लाना से मुफ्ती सुहैल, मोहल्ला पचदरा से इरशाद, सैदपुर इम्मा निवासी सईद और रईस को गिरफ्तार किया था। इनके पास से पिस्टल, तमंचे, कारतूस, बारह किलो संदिग्ध आरडीएक्स और एक संदिग्ध राकेट लांचर बरामद किया गया था

जांच में नौगांवा सादात थानाक्षेत्र के गांव बांसखेड़ी निवासी मौलाना गुफरान के सुहैल से संबंध होने की बात सामने आई थी। कई दिनों की पूछताछ के बाद 20 अप्रैल 2019 को एनआईए ने गुफरान को भी गिरफ्तार कर तेरहवां आरोपी बनाया। गिरफ्तारी के करीब छह महीने बाद एनआईए ने मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी थी।

चार्जशीट में हरकत-उल-हरब-ए-इस्लाम के सरगना मुफ्ती सुहैल समेत सईद और मौलाना गुफरान के नाम चार्जशीट में शामिल थे। उधर, शनिवार को अमरोहा नगर के कटरा बख्तावर के रहने वाले सैदुल अमीन का नाम जालंधर में भाजपा नेता मनोरंजन कालिया के घर ग्रेनेड से हमला करने के उजागर होने के बाद अमरोहा सुर्खियों में आ गया है इसके बाद केंद्रीय एजेंसियां और यूपी एटीएस सक्रिय हो गई है। पंजाब पुलिस ने दावा किया है कि सैदुल अमीन के लिंक आतंकियों से जुड़े हैं। उधर, सैदुल अमीन की गिरफ्तारी के बाद अमरोहा के लोग हैरत में हैं। सैदुल की मां से पूछताछ करेगी एनआईए- जालंधर में भाजपा नेता मनोरंजन कालिया के घर ग्रेनेड से हमला करने वाले सैदुल अमीन की मां को एनआईए ने दिल्ली स्थित अपने दफ्तर बुलाया है। उन्हें इसकी जानकारी एक महिला अधिकारी ने फोन पर दी थी। एनआइए सैदुल अमीन के भाजपा नेता के घर पर किए हमले के बारे में उसकी मां से पूछताछ करेगी।

पिता की तीन साल पहले मौत के बाद सैदुल अमीन अमरोहा के मोहल्ला कटरा बख्तावर में अपनी बुजुर्ग मां के साथ रहता है। उसकी आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। वह मां के साथ टूटे घर में रहता है

वर्तमान में सैदुल अमीन दिल्ली के शादीपुर में वेल्डिंग का काम करता है। रमजान के पूरे महीने में घर पर ही था। ईद के तीन दिन बाद सैदुल अमीन दिल्ली गया था। इसके बाद नौ अप्रैल को घर वापस लौटा था। उसने अपनी मां को आधार कार्ड लेने आने की बात कही थी। इसके बाद 11 अप्रैल को जुमे की नमाज के बाद सैदुल अमीन दिल्ली जाने की बात कहकर घर से निकल गया था। उसे दिल्ली में गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई पंजाब पुलिस के इनपुट पर केंद्रीय एजेंसियों और दिल्ली पुलिस की टीमों ने की।

जालंधर पुलिस ने सैदुल अमीन को भाजपा नेता के घर हुए हमले का मुख्यारोपी माना है। साथ ही उसके आतंकियों से जुड़े होने का दावा किया है। चर्चा है कि सैदुल अमीन की मां अपने वकील और परिजनों से साथ सोमवार की सुबह दिल्ली के लिए रवाना होंगी

# सीएम योगी ने डॉ. अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि



लखनऊःअंबेडकर जयंती पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक समेत कई मंत्री भी कार्यक्रम में रहे मौजूद।

# समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने मनाई अंबेडकर जयंती




राजेंद्र नगर स्थित पूर्व विधायक पंडित अमरपाल शर्मा के कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी तथागत भगवान बुध के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पण की।




एनपीटी ब्यूरो

गाजियाबाद। पूरे भारत में 1944 में आज के दिन मुंबई बंदरगाह पर लाखों लीटर चिकनाई तेल, कपास की कई गांठें और अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ से भरा एक बड़ा विदेशी जहाज आग की चपेट में आ गया था, जिससे एक बड़ी त्रासदी हुई थी। आज के दिन को अग्नि सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है गाजियाबाद में भी आज अग्निशमन विभाग के द्वारा इस दिवस को मनाया गया इस मौके पर गाजियाबाद के डीसीपी राजेश कुमार ने अग्निशमन विभाग के गाड़ियों को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया यह गाड़ियां पूरे शहर में बैनर और पोस्टर के साथ-साथ हूटर बजाते हुए शहर में दौड़ेगी और लोगों को जागरूक करेगी ताकि लोग आगजनी जैसी घटना से किस तरह से बचाव कर सकते है

# बुद्ध वाटिका सैक्टर 15 वसुंधरा में डा बी आर अम्बेडकर की जयंती मनाई गई



एनपीटी ब्यूरो

वसुंधरा।जन कल्याण समिति वसुंधरा के द्वारा भव्य जयंती कार्यक्रम में भाजपा के उत्तर प्रदेश के मंत्री सुनील शर्मा ने साहब की प्रतिमा पर नमन कर पुष्पमाला अर्पण की। पार्षद नरेश भाटी ने भी अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।समिति के पदाधिकारी आई सी रवि संस्थापक,महेशचंद्र गौतम अध्यक्ष,आर एस सुमन उपाध्यक्ष , ओमप्रकाश महासचिव, महीपाल सचिव, धर्मसिंह कोषाध्यक्ष,के साथ रमेशचंद्र प्रेमी, ओमप्रकाश, एंड.,सेषराज भारती एंड,फतेहचंद गौतम, ओमप्रकाश निगम, इन्द्र पाल सिंह,नन्द किशोर,आर के गौतम,आर के प्रेमी, जयप्रकाश,आर एस भास्कर,बी एस आजाद,काली चरन,आदि सदस्य गणो उपस्थित रहे।

# भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 134 वीं जयंती के अवसर पर निकाली गई झांकी

एनपीटी ब्यूरो



संभल / जुनावई जनपद संभल के चुनाव में आज दिनांक 14 अप्रैल 2025 को भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 134 वीं जयंती के अवसर पर चुनावी में बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया एवं उनके संघर्ष में जीवन एवं सामाजिक समानता न्याय के लिए किए गए कार्यों तथा भारतीय संविधान तथा राष्ट्र निर्माण में उनके अतुल योगदान का स्मरण किया गया और बताया कि उनका योगदान केवल कानून तक सीमित नहीं बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग विशेष रूप से कमजोर वर्गों को न्याय सम्मान और अधिकार दिलाने का आधार है डॉक्टर अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए हुए धूमधाम से झांकी निकाली गई और डॉक्टर अंबेडकर जी के नारों का उद्घोष किया गया ।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

# आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा खेलों के विकास एवं प्रोत्साहन हेतु अवार्ड ऑफ एक्सेलेंस से सम्मानित







एनपीटी ब्यूरो

गाजियाबाद। आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को गाजियाबाद में खेलों के विकास एवं प्रोत्साहन के लिए अवार्ड ऑफ एक्सेलेंस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें आईटीएस मोहन नगर परिसर में आयोजित वार्षिक जीत-कुन -डो (मार्शल आर्ट्स) खेल के राष्ठीय चैंपियनशिप के उद्घाटन के अवसर पर अर्पित चड्ढा को उनके विभिन्न प्रकार के खेलों के विकास में उनके योगदान, समर्थन के साथ आधारभूत ढांचा एवं सुविधाएँ विकसित करने एवं कई जनपदीय, राज्य स्तरीय तथा राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में उनके हर संभव योगदान के लिए गाजियाबाद के जीत कुन डो के ग्रैंड मास्टर विवेक कौशिक के साथ गणमान्य लोग, गाजियाबाद जनपद के खेलों में सक्रिय योदान देने वाले खिलाडी एवं प्रशिक्षक उपस्थित रहे। यह पुरस्कार आईटीएस दि एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर.पी. चड्ढा ने प्राप्त किया। इस अवसर पर आईटीएस दि एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने सभी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस क्षेत्र में खेलों के विकास एवं प्रोत्साहन के लिए अपना हर संभव प्रयास एवं योगदान का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि गाजियाबाद के विभिन्न खेलों से सम्बंधित प्रतिष्ठानों से जुड़े होने के साथ साथ डीडीसीए से भी सक्रिय रूप में जुड़े हुए हैं। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि गाजियाबाद जनपद में विभिन्न प्रकार के खेलों जिनमें टेबल टेनिस, शतरंज, बैडमिंटन, क्रिकेट, मार्शल आर्ट्स से सम्बंधित प्रतियोगिताओं, टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता, बास्केट बाल सम्मिलित हैं के विभिन्न स्तरीय आयोजन आईटीएस दि एजुकेशन ग्रुप के संस्थानों में गत कई वर्षों से सफलतापूर्वक आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें क्षेत्र के बच्चों को प्रोत्साहित करने के साथ आर्थिक रूप से एवं अनन्य माध्यमों से पुरस्कृत एवं प्रोत्साहित किया जाता है। खेल के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने वाले खिलाड़िओं को संस्था के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले छात्रों को विशेष स्कालरशिप भी प्रदान किया जाता है।

ज्ञात हो कि आईटीएस दि एजुकेशन ग्रुप के द्वारा विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यों का सञ्चालन किया जाता है, जिसमें गरीब एवं आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़े एवं कमजोर परिवारों की बच्चियों के लिए एक सीबीएसई द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूल कि स्थापना जिसमें लगभग 600 से अधिक बच्चियों को उच्च गुणवत्ता कि शिक्षा प्रदान करना गाजियाबाद कि जनपदीय कारगर में दन्त चिकित्सा क्लिनिक कि स्थापना के साथ अवयस्क बच्चों हेतु उनके पुनर्वसन के लिए एक कंप्यूटर लैब कि स्थापना, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मोबाइल क्लिनिक्स एवं कैम्प्स इत्यादि इनमें से कुछ प्रमुख हैं।।

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।